# छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन

वर्ष -03 अंक - 186 बैकुण्ठपुर, शुक्रवार 28 अप्रैल 2023 पृष्ठ -8 मूल्य -1

E paper www.cgfrontline.com


## प्रायोगिक परीक्षा देने निकली युवती को गुजरात के युवक ने बनाया बंधक

### आईजी तक पहुंची जानकारी, पुलिस आरोपी का लोकेशन ट्रेस कर रही

**40 दिन बाद युवती ने स्वजनों को बताया- आरोपी शारीरिक व मानसिक प्रताड़ना दे रहा**



**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** घर से प्रायोगिक परीक्षा देने के लिए जाने की बात कहकर निकली शहर के नमनाकला मोहल्ले की एक युवती को अच्छी नौकरी दिलाने का झांसा देकर एक युवक बीते 10 मार्च को अपने साथ गुजरात ले गया और उसे बंधक बनाकर रखा है। इस घटना के 40 दिन बाद युवती ने इसकी जानकारी अपने माता-पिता को फोन पर दी है। आरोपी उक्त युवती को शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित करने में लगा है। इधर परेशान युवती के स्वजनों ने हाल में पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा रेंज को आवेदन देकर बेटी को सकुशल वापस लाने के लिए आवश्यक कार्रवाई की गुजारिश की है। गांधीनगर पुलिस आरोपी का लोकेशन ट्रेस होने के बाद टीम को रवाना करेगी।

नमनाकला निवासी एक दंपती ने 19 वर्षीय बेटी के गुमशुदगी की रिपोर्ट 13 मार्च को गांधीनगर थाने में दर्ज कराई थी। पुलिस महानिरीक्षक को दी गई शिकायत में उन्होंने बताया है कि 10 मार्च से उनकी बेटी घर से गायब है। दो दिन तक उन्होंने अपने स्तर पर उसकी खोजबीन की, लेकिन कहीं पता नहीं चला। स्वजनों का कहना है कि उनकी लड़की कॉलेज में प्रेक्टिकल परीक्षा देने के नाम पर घर से निकली थी, जो गुजरात के पोरबंदर स्थित कांसवाड़ा निवासी सोलंकी जीवनभाई चंदाभाई नामक युवक के पास बंधक है, इसकी जानकारी आरोपी युवक के मोबाइल से ही वह दी है। आरोपी युवक का आधार कार्ड नंबर भी वह अपने माता-पिता के पास भेजी है, इसके बाद से मोबाइल स्विच ऑफ बता रहा है। बहरहाल आईजी ने उन्हें मामले में जल्द कार्रवाई व आरोपी की गिरफ्तारी का आश्वासन दिया है।

## छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने राष्ट्रपति के दत्तक पुत्रों की गुहार को लिया संज्ञान में

### केंद्र व राज्य सरकार सहित भ्रष्ट क्रियाकलापों में शामिल सात लोगों को नोटिस जारी

**मामला एनजीओ संचालक द्वारा बुजुर्गों व मृतक को इलेक्ट्रिशियन का प्रशिक्षण देने व समोसे खिलाने का**

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** राष्ट्रपति के दत्तक पुत्रों की गुहार को छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने संज्ञान में लेते हुए केंद्र और राज्य सरकार सहित भ्रष्ट क्रियाकलापों में शामिल सात लोगों को नोटिस जारी किया है। बता दें कि सरगुजा संभाग में विशेष संरक्षित जनजातियां, जिन्हें राष्ट्रपति का दत्तक पुत्र माना गया है, उनके संरक्षण, संवर्धन एवं विकास के लिए प्रति वर्ष करोड़ों रुपये की योजनाएं संचालित करने के नाम पर सरगुजा संभाग में थबिरो राम बारीक नामक एनजीओ संचालक ने स्थानीय प्रशासन व शासन से सांठगांठ कर योजना संचालन की खानापूर्ति की, इसे लेकर करोड़ों रुपये डकारने के आरोप लगे हैं। सरगुजा के विकासखंड बतौली में पहाड़ी कोरवा युवाओं को इलेक्ट्रिशियन का प्रशिक्षण देने के नाम पर एनजीओ संचालक ने 60 से 80 साल के बुजुर्ग महिला, पुरुष एवं मृतक को भी दो-दो समोसे खिलाने और इलेक्ट्रिशियन बनाने का चमत्कार कर दिखाया और 9.45 लाख रुपये की चपत लगा दी। जिन्हें इलेक्ट्रिशियन बनाने की कागजी खानापूर्ति की गई, उन लोगों ने 20 जनवरी



2022 को थाना बतौली में मौखिक एवं लिखित शिकायत की। 15 पहाड़ी कोरवा हितग्राहियों ने अपना कथन भी दिया, इसके बाद विवेचना की बात कहकर उन्हें भेज दिया गया। 23 फरवरी 2023 को छह हितग्राहियों ने एसडीओपी सीतापुर के समक्ष उपस्थित होकर अपना कथन और आधार कार्ड भी दिया, किंतु विवेचना की बात यहां भी आड़े आ गई। अंतत: चार हितग्राही पहाड़ी कोरवा बागर साय 40 वर्ष व उसकी मां मंगनी 65 वर्ष, महली 75 वर्ष एवं दशरथ पहाड़ी कोरवा निवासी ग्राम घोघरा ने छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय बिलासपुर में याचिका क्रमांक 1837/2023, 17 अप्रैल 2022 को दायर की, जिस पर उच्च न्यायालय ने केंद्र एवं राज्य सरकार के मंत्रालयों के ट्रायबल सेक्रेटरी सहित सात लोगों को नोटिस जारी किया है। देखना यह है कि एनजीओ संचालक और उसके सरपरस्त न्यायालय के समक्ष 80 साल के बुजुर्गों को 20 साल का और मृतक को जिंदा करने का चमत्कार करेंगे।

## अमानक साइलेंसरों की गूंजती आवाज ने छीना नगरवासियों का चैन

### अमानक साइलेंसर विक्रेताओं पर भी एमव्ही एक्ट के तहत कार्रवाई

**ऑटो डीलर्स, रिपेयरिंग दुकानों व वाहन चालकों से 100 नग साइलेंसर जब्त**





**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** अमानक साइलेंसरों के विक्रय की शिकायत पर ऑटो डीलर्स, रिपेयर शॉप दुकानों पर सरगुजा पुलिस ने ताबड़तोड़ कार्रवाई की है। इसी क्रम में अधिक करकस आवाज वाले अमानक साइलेंसर का उपयोग करने वाले वाहन चालकों पर भी कार्रवाई की गई है। पुलिस अधीक्षक ने अमानक साइलेंसरों के विक्रय एवं उपयोग पर प्रभावी नियंत्रण के सख्त दिशा-निर्देश दिए थे, इसके पालन में की गई कार्रवाई के दौरान विभिन्न दुकानों से 80 नग अमानक साइलेंसर, एवं 20 नग वाहन चालकों पर कार्रवाई करते हुए जब्त किए गए। पुलिस ने कुल 100 अमानक साइलेंसर जप्त किए हैं।

शहर की सड़कों पर तेज व कर्कश आवाज वाले अमानक साइलेंसरों की गूंजती आवाज आम नागरिकों के लिए परेशानी का सबब बनी हुई है। इसे संज्ञान में लेते हुए पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा रेंज राम गोपाल गर्ग के मार्गदर्शन व पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के निर्देशन में अमानक साइलेंसर के विक्रय एवं उपयोग पर सख्त कार्रवाई कर प्रभावी नियंत्रण के निर्देश दिए गए थे। इसी क्रम में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला के नेतृत्व में चार अलग-अलग विशेष टीम का गठन कर नगर पुलिस अधीक्षक स्मृतिक राजनाला, प्रशिक्षु आईपीएस चिराग जैन एवं विशेष टीमों के द्वारा संयुक्त अभियान चलाकर अलग-अलग व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में छापामार कार्रवाई की गई। शहर के मुख्य ऑटो डीलर्स, वाहन पार्ट्स विक्रेता एवं वाहन रिपेयर शॉप में विशेष पुलिस टीम द्वारा सरप्राइज चेकिंग करने के दौरान मालिक ऑटो पार्ट्स गांधी चौक से 9 नग, मलिक ऑटो पार्ट्स ब्रम्ह रोड से 61 नग, बुलेट राइड प्रतापपुर नाका से 10 नग, कुल 80 नग अमानक साइलेंसर मौके पर जप्त किए। अन्य ऑटो पार्ट्स दुकानों की भी चेकिंग पुलिस टीम द्वारा की गई, जहां अमानक साइलेंसर नहीं होना पाया गया। दुकान संचालकों को अमानक साइलेंसर विक्रय करने पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी गई। सरप्राइज चेकिंग के दौरान मोटरसाइकिल के ओरिजनल साइलेंसर को निकलवा कर कर्कश आवाज वाले अमानक साइलेंसर का उपयोग करते 20 वाहन चालक मौके पर पकड़े गए। पुलिस टीम द्वारा उक्त साइलेंसरों को खुलवाकर नए साइलेंसर लगाने पश्चात चालानी कार्रवाई और भविष्य के लिए सख्त हिदायत देकर छोड़ा गया। सरगुजा पुलिस के विशेष अभियान के तहत कुल 100 अमानक साइलेंसर जप्त किए गए हैं। अमानक साइलेंसर विक्रेताओं पर एमव्ही एक्ट के तहत कार्रवाई की जा रही हैं। कार्रवाई में यातायात प्रभारी जयराम चेरमाको, थाना प्रभारी कोतवाली उप निरीक्षक रुपेश नारंग, बस स्टैंड पुलिस सहायता केंद्र प्रभारी सहायक उप निरीक्षक अभिषेक पांडेय, सहायक उप निरीक्षक संजय गुप्ता, प्रधान आरक्षक छत्रपाल सिंह, आरक्षक जयदीप सिंह, मंटू गुप्ता, विमल सिंह, उमेश गुप्ता, रुपेश महंत, चंचलेश सोनवानी, सूरज राय, अमित राजवाड़े एवं पुलिस स्टाफ शामिल रहे।

**पुलिस की अपील के साथ चेतावनी**

सरगुजा पुलिस ने ऑटो पार्ट्स दुकान के संचालकों एवं आम नागरिकों से अपील की है कि ऐसे करकस, अमानक साइलेंसरों का विक्रय ना करें। आम नागरिक अमानक साइलेंसर का उपयोग अपने वाहनों में ना करें। अमानक साइलेंसर विक्रय करते पाए जाने या उपयोग करने की शिकायत पर सरगुजा पुलिस द्वारा सख्त, वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

## रीपा योजना का उद्देश्य ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करना-प्रदीप शर्मा

**महात्मा गांधी रूरल इंडस्ट्रियल पार्क सहित विभिन्न शासकीय योजनाओं पर उन्मुखीकरण, कार्यशाला**



**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के सलाहकार, योजना, नीति, कृषि एवं ग्रामीण विकास प्रदीप शर्मा ने गुरूवार को जिला पंचायत के सभाकक्ष में राजीव युवा मितान क्लब, रीपा, नरवा व गौठान संबंधी योजनाओं पर एक दिवसीय उन्मुखीकरण और कार्यशाला कर जिला स्तरीय अधिकारियों को शासन की योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन पर मार्गदर्शन दिया। उन्होंने प्रदेश में सरगुजा जिले के अच्छे प्रदर्शन की सराहना की और निरंतर बेहतर कार्य करने अधिकारियों को प्रोत्साहित किया।

मुख्यमंत्री के सलाहकार प्रदीप शर्मा में कार्यशाला में एक-एक बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने कहा महात्मा गांधी ग्रामीण औद्योगिक पार्क और गौठान से संबंधित योजनाओं पर विस्तृत मार्गदर्शन देते हुए कहा कि गोबर खरीदी और वर्मी खाद के उत्पादन को बढ़ाएं। छत्तीसगढ़ शासन रीपा के माध्यम से महिलाओं और युवाओं को कौशल संपन्न बनाने की दिशा में काम कर रही है। साथ ही किसानों, कलाकारों, कारीगरों और लघु व्यवसायियों को रीपा से जोड़कर ऐसा प्लेटफॉर्म दे रही है, जिससे गांव उत्पादन का केंद्र बने और गांव के साथ शहरों की आवश्यकताओं को पूरा कर सकें, गांवों की अर्थव्यवस्था मजबूत हो। एक ऐसा इकोसिस्टम तैयार करें, जिससे अलग-अलग आजीविका गतिविधियों तथा उत्पादन से जुड़कर लोग आर्थिक रूप से मजबूत बनें। उन्होंने कहा कि जिन स्थानों पर रीपा संचालित हैं, वहां आस-पास के पांच गांव को शामिल करें, जिससे गतिविधियों का चयन स्थानीय आवश्यकताओं और बाजार के अनुरूप हो। उन्होंने गौठानों में गोबर खरीदी और वर्मी कंपोस्ट निर्माण को बढ़ाने के निर्देश देते हुए समूह की महिलाओं को प्रेरित करने कहा है। कलेक्टर कुन्दन कुमार ने मार्गदर्शन एवं सुझाव के लिए धन्यवाद एवं आभार प्रकट करते हुए कहा कि राज्य शासन की मंशानुरूप जिले में योजनाओं का क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा रहा है। मार्गदर्शी बिंदुओं को ध्यान में रख कर सभी विभागों के समन्वय से बेहतर काम किया जाएगा। कार्यशाला में सीईओ जिला पंचायत विश्वदीप, नगर निगम आयुक्त प्रतिष्ठा ममगाईं, सहित संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

**नरवा रिचार्जिंग में जिले में हुआ बेहतर काम**

मुख्यमंत्री के सलाहकार, योजना, नीति, कृषि एवं ग्रामीण विकास प्रदीप शर्मा ने नरवा योजना पर चर्चा करते हुए कहा कि नरवा रिचार्जिंग में सरगुजा जिले में बेहतर काम हुआ है। बारिश सीजन से पूर्व नरवा में जल संचय हेतु तैयार की गई संरचनाओं में आवश्यकतानुसार सुधार सुनिश्चित कर लिया जाए। राजीव युवा मितान क्लब के संचालन की जानकारी ली और कहा कि क्लबों से जुड़े सदस्य अच्छा काम कर रहे हैं। शासकीय योजनाओं और कार्यक्रमों की जानकारी लोगों तक पहुंचाएं, जिससे अधिक से अधिक लोग इनका लाभ उठा सकें।


**एजेंसी देना है**

**सीतापुर, वाड्रफनगर, चिरिमिरी**

में एजेंसी देना है इच्छुक व्यक्ति सुरक्षा धन राशि के साथ संपर्क करें।

**दैनिक छत्तीसगढ़ फ्रंटलाइन**

**अंबिकापुर सरगुजा छ.ग.**

फोन नं. 9826142977, 9713108088


### सड़क दुर्घटना में घायल की मौत, पत्नी घायल

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** भागवत कथा सुनने जा रहे दंपती को ओमिनी कार ने टक्कर मार दी। दुर्घटना में पति-पत्नी घायल हो गए, दोनों को इलाज के लिए बैकुंठपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया। चिकित्सक ने पति की स्थिति गंभीर देखते हुए उसे अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल अंबिकापुर रेफर कर दिया, यहां जांच के दौरान चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

जानकारी के अनुसार रामस्वरूप साहू 60 वर्ष प्रेमनगर थाना क्षेत्र के ग्राम रघुनाथपुर का रहने वाला था। बुधवार को रामस्वरूप अपनी पत्नी राजकुमारी के साथ बाइक से भागवत कथा सुनने जा रहा था। रास्ते में ओमिनी कार क्रमांक सीजी 12 आर 4650 ने टक्कर मार दी। दुर्घटना में पति-पत्नी घायल हो गए। दोनों को इलाज के लिए बैकुंठपुर अस्पताल लाया गया, यहां चिकित्सकों ने रामस्वरूप की स्थिति को गंभीर देखते हुए अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से मोपेड सवार वृद्ध की मौत

**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** शहर के शिवधारी कॉलोनी के पास रिंग रोड में बुधवार की रात अज्ञात वाहन ने मोपेटड सवार वृद्ध को टक्कर मार दी। दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल वृद्ध को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल लाया गया, यहां चिकित्सकों ने उसे जांच के दौरान मृत घोषित कर दिया। जानकारी के अनुसार प्रशांत ढाली 62 वर्ष गांधीनगर थाना क्षेत्र के ग्राम सरगवां मंझलीपारा का रहने वाला था। वह बुधवार को मोपेड सर्विसिंग कराने मिशन चौक गया था। वहां से रात को आठ बजे वापस लौट रहा था। शिवधारी कॉलोनी के पास रिंग रोड में अज्ञात वाहन की टक्कर में वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया, उसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया, यहां जांच के दौरान चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## पीजी कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य का पदभार संभाला डॉ.रिजवान उल्ला ने



**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** अपर संचालक उच्च शिक्षा संचालनालय रायपुर ने 26 अप्रैल 2023 को जारी एक आदेश में डॉ. रिजवान उल्ला विभागाध्यक्ष (वनस्पति शास्त्र) को शासकीय राजीव गांधी स्नातकोत्तर महाविद्यालय अंबिकापुर के प्रभारी प्राचार्य का कार्यभार सौंपा है। हाल में यहां के सुर्खियों में रहे प्राचार्य डॉ. एसएस अग्रवाल को वित्तीय अनियमितता सहित अन्य आरोपों के सिलसिले में निलंबित किया गया था, इसके बाद से सरगुजा संभाग के सबसे बड़े महाविद्यालय में प्राचार्य का पद रिक्त था। नए प्राचार्य ने गुरूवार को पदभार ग्रहण कर लिया है। इस मौके पर महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य प्रो.एसके त्रिपाठी, महाविद्यालय के जनभागीदारी सदस्य हिमांशु जायसवाल, सतीश बारी, आशीष जायसवाल एवं महाविद्यालयीन छात्र गौतम गुप्ता, सुरेंद्र गुप्ता, आयुष, अभिषेक, प्रमोद, मुनेश्वर उपस्थित रहे।

## शिविर में पिरामल ने टीबी मुक्त देश बनाने किया आग्रह

### बड़ादमाली में आयोजित शिविर में 10 ग्रामों के लोगों की रही उपस्थिति



**छ.ग.फ्रंटलाइन अंबिकापुर।** ग्राम पंचायत बडादमाली में शिविर का आयोजन अनुविभागीय अधिकारी मनोज सिंह, सरपंच, जनपद सदस्य सविता सिंह की उपस्थिति में किया गया, जिसमें 10 ग्राम पंचायत के लोग उपस्थित थे। पीरामल फाउंडेशन की टीम टीबी मुक्त देश बनाने के लिए लगातार लोगों को जागरुक कर रही है। यहां आए अन्य विभागों के अधिकारियों ने ग्रामीणों को संचालित योजनाओं की जानकारी दी। पिरामल की टीम ने उपस्थितजनों को टीबी बीमारी के बारे में बताया, साथ ही टीबी के लक्षण दिखने पर स्वास्थ्य केंद्र में जांच करने की सलाह दी। दरिमा के स्वास्थ्य विभाग द्वारा इस मौके पर स्वास्थ्य शिविर लगाकर सभी को नि:शुल्क चिकित्सा की सुविधा दी गई। वहीं पिरामल की टीम ने ग्राम पंचायत नानदमाली, बरगवां, करजी, पंचायत में सरपंच से मुलाकात कर टीबी मुक्त ग्राम पंचायत बनाए जाने के लिए चर्चा की गई, ताकि गांव व शहर से टीबी बीमारी को जड़ से खत्म कर देश को टीबी मुक्त बनाया जा सके।

## प्रयास आवासीय विद्यालय की प्रवेश परीक्षा 30 अप्रैल को

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**सूरजपुर।** प्रयास आवासीय विद्यालय में प्रवेष परीक्षा का आयोजन 30 अप्रैल 2023 दिन रविवार को समय प्रातः 11.00 बजे से 2.00 बजे तक परीक्षा केन्द्र शा. बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सूरजपुर, शासकीय कन्या उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय सूरजपुर एवं शासकीय रेवती रमण मिश्र महाविद्यालय सूरजपुर में किया गया है। प्रवेश परीक्षा हेतु प्रवेश पत्र बेबसाईट https://eklavya.cg/nic.in/PRSMS/Admit-Card-Login के माध्यम से आवेदन क्रमांक एवं अपने पिता के मोबाइल नम्बर की सहायता से अपना प्रवेष पत्र डाउनलोड कर सकते है।

## प्रोविडेंस इंग्लिश मीडियम हाईस्कूल नगरी में वार्षिकोत्सव संपन्न

**नगरी। छ.ग. फ्रंटलाइन।** प्रोविडेंस इंग्लिश मीडियम हाईस्कूल नगरी में 26 वां वार्षिकोत्सव का कार्यक्रम धूमधाम से संपन्न हुआ।

संस्था में अध्ययनरत सभी छात्र छात्राओं ने विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भाग लेकर/ अपनी प्रस्तुति मंच के माध्यम से दी कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि श्रीमती आराधना शुक्ला अध्यक्ष नगर पंचायत नगरी कार्यक्रम के अध्यक्ष अजय नाहटा जी उपाध्यक्ष नगर पंचायत नगरी एवं विशेष अतिथि के रूप में गुलाब भारती अध्यक्ष जनभागीदारी समिति विकल गुप्ता,पत्रकार जीवन नाहटा, दुर्गेश गंजीर उपाध्यक्ष प्रदेश साहू संघ युवा प्रकोष्ठ एवं श्रीमती सुमन गुप्ता व्याख्याता उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना से लोगों को मिल रही नि:शुल्क स्वास्थ्य सेवा

## योजना से अब तक 38 हजार मरीज हुए लाभान्वित

**बलरामपुर। छ.ग. फ्रंटलाइन।** छत्तीसगढ़ सरकार लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराने के लिए निरंतर प्रयासरत है। गरीब और मजदूर वर्ग के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराने के लिए मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने कई योजनाओं जैसे शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना, मुख्यमंत्री हाट-बाजार क्लीनिक योजना, मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना और चिरायु योजना की शुरूआत की है। इन सभी योजनाओं का उद्देश्य लोगों को अच्छी से अच्छी स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराना है। इन्हीं योजनाओं में से एक है मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना। इस योजना से जिले के नगरीय निकाय के स्लम क्षेत्रों में निवासरत लोगों को अब अस्पताल जाने की आवश्यकता नहीं पड़ती बल्कि अस्पताल खुद चलकर उनके पास आ रहा है और उन्हें अनुभवी चिकित्सकों के द्वारा बीमारी की जॉच कर नि:शुल्क दवाईयाँ भी प्रदान की जा रही है।





### दो मेडिकल यूनिट दे रही चिकित्सकीय सेवायें

अर्बन पब्लिक सर्विस सोसायटी के द्वारा बलरामपुर-रामानुजगंज जिले में मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना का क्रियान्वयन 02 मोबाईल मेडिकल यूनिट वैन प्रदान किया गया है, जिसके माध्यम से जिले के पांचों नगरीय निकायों में मोबाइल मेडिकल यूनिट वैन शहरी क्षेत्रों के पारा-मोहल्ले में जाकर लोगों का नि:शुल्क इलाज कर रही है। साथ ही ईलाज हेतु आने वाले मरीजों को नि:शुल्क डॉक्टर परामर्श, जांच एवं दवाइयों का वितरण तथा वैन में ही 29 प्रकार की नि:शुल्क लैब जांच सुविधा भी उपलब्ध है, जिसका रिर्पोट मरीजों को तत्काल प्रदान कर उनका उपचार किया जाता है। इस योजना के माध्यम से जिले के पांचों नगरीय निकायों की स्लम क्षेत्रों में अब तक 613 कैम्प लगाकर लगभग 38 हजार लोगों को नि:शुल्क स्वास्थ्य सुविधा से लाभान्वित किया गया है। साथ ही अब तक 9 हजार 244 लोगों का नि:शुल्क जांच एवं 31 हजार 665 लोगों को नि:शुल्क दवाइयों का वितरण किया गया है।

### जरूरतमंदों तक पहुंच रही है बेहतर स्वास्थ्य सुविधा

मोबाईल मेडिकल यूनिट के माध्यम से लोगों की खून जांच, मलेरिया, टाइफाइड, ईसीजी, रक्तचाप एवं पल्स की जांच कुशल लैब तकनिशियन एवं अत्याधुनिक सुविधा वाली मशीनों से की जा रही है। नगरीय क्षेत्रों की स्लम क्षेत्रों में पहुंचकर जरूरतमंदों एवं बस्तियों में रहने वाले ऐसे लोग जो कई कारणों से अपना इलाज कराने अस्पताल तक नहीं पहुंच पाने के कारण स्वास्थ्य सुविधाओं से वंचित रह जाते हैं, उनका का नि:शुल्क ईलाज मेडिकल यूनिट के चिकित्सक दल के द्वारा किया जा रहा है। जिले में दो मोबाइल मेडिकल यूनिट का संचालन सुबह 09 बजे से 04 बजे तक नगरीय निकाय के चिन्हांकित क्षेत्रों में 01 अप्रैल 2022 से किया जा रहा है। नगर पालिका बलरामपुर में मोबाईल मेडिकल यूनिट में ईलाज करवाने आए जवाहरनगर के निवासी श्री विश्वनाथ गोलदार ने बताया कि उन्हें रक्तचाप की समस्या है, वे इसी मेडिकल यूनिट से अपना ईलाज करवा लेते हैं। मुझे अस्पताल जाने की आवश्यकता नहीं पड़ती है, साथ ही समय और पैसे दोनों की बचत होती है। बलरामपुर निवासी रूबी मिंज अपना इलाज करवाने मोबाईल मेडिकल यूनिट पहुंची थी। उन्होंने बताया कि उन्हें कुछ दिनों से कमजोरी महसूस हो रही थी, जिसका चिकित्सक ने हीमोग्लोबिन की जांच कर नि:शुल्क दवाई प्रदान किया।

# जल जीवन मिशन में घटिया निर्माण सामग्री से बढ़ी परेशानी



प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**बिश्रामपुर।** जल जीवन मिशन के तहत कराए गए पाइपलाइन विस्तार कार्य में जमकर घोटाला किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। घटिया किस्म के पाइपलाइन विस्तार कार्य से जगह-जगह आएदिन पाइप फटने का सिलसिला जारी है। शासन के मंशानुरूप ग्राम पंचायत कुरुवां में स्थित फिल्टर प्लांट से 18 गावों में पानी सप्लाई की व्यवस्था की गई है। जल जीवन मिशन अंतर्गत जो पाइप लाइन ठेकेदार द्वारा बिछाई गई है, उसकी स्थिति काफी दयनीय होने से आएदिन पानी सप्लाई शुरू होते ही जगह जगह खुद ही पाइप फट जा रहे हैं। ऐसी स्थिति में नल में पानी तो लोगों को नहीं मिल रहा है लेकिन सड़क पर पानी जरूर मिल जा रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि विभागीय अधिकारियों की उदासीनता का खामियाजा स्थानीय लोगों को भुगतना पड़ रहा है। क्षेत्रवासियों द्वारा संबंधित उच्च अधिकारियों से मांग किया गया है कि जल जीवन मिशन के कार्यों में उपयोग किए गए मटेरियल का निष्पक्ष जांच कराकर उचित कार्रवाई की जाएगी।

## निर्माणाधीन मुक्तिधाम का नपं अध्यक्ष ने किया निरीक्षण

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**बिश्रामपुर।** नगर पंचायत क्षेत्र के पासिंग नाला के समीप 41 लाख रुपए की लागत से निर्माणाधीन मुक्तिधाम कार्य का आज नगर पंचायत अध्यक्ष आशीष यादव व नपं के पर्यावरण लोक निर्माण व जल कार्य के प्रभारी गंगा प्रसाद रवि ने आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को प्रोविजन प्राक्कलन में सम्मिलित करने हेतु इंजीनियर नगर पंचायत तरंग मित्तल एवं आर्टिटेक दुबे को निर्देशित किया गया।



## प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण जिला स्तरीय निगरानी एवं क्रियान्वयन हेतु गठित समिति की बैठक सम्पन्न



प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**सूरजपुर।** प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के जिला स्तरीय निगरानी एवं क्रियान्वयन समिति की बैठक विगत दिवस कलेक्टर सुश्री इफ्फत आरा की अध्यक्षता में सभाकक्ष आयोजित की गई। समिति के बैठक में योजना के स्थाई प्रतीक्षा सूची की जनपदवार स्थिति के अवलोकन सह जिले में शेष बचे हितग्राहियों पर चर्चा हुई। जिले में कुल 37568 हितग्राही को स्वीकृति प्रदाय की जा चुकी है। 15978 हितग्राही जो कि पात्र है, किंतु पोर्टल पर तकनीकी समस्या के कारण नाम प्रदर्शित नहीं हो रहा है, जिसके लिए कलेक्टर ने सुधार कराए जाने हेतु निर्देशित किया। इसके साथ ही जिले में एसईसीसी 2011 की सूची में छूटे हुए पात्र हितग्राहियों का नाम आवास प्लस अंतर्गत दर्ज किया गया है।

वित्तीय वर्ष 2016-23 में स्वीकृति प्राप्त 25025 आवास पूर्ण है, शेष आवास में निर्माण कार्य प्रगति पर है। लंबित आवासों के लिए कलेक्टर ने मृत हितग्राही, पलायन, जमीन विवाद जैसे प्रकरणों के लिए कैंप लगाकर एक सप्ताह के भीतर कार्यवाही पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया। इसके अतिरिक्त जिन्होंने राशि गबन करके निर्माण कार्य बंद कर दिया है, उनसे राशि वसूल किए जाने के लिए समस्त अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को निर्देषित किया। साथ ही उन्होंने सभी हितग्राहियों के खातों में राशि समय पर जारी किए जाने के निर्देश दिए। योजना के साथ अभिसरण के तहत 90 मानव दिवस की मजदूरी, शौचालय, बिजली कनेक्शन, एलपीजी कनेक्शन, पेयजल की व्यवस्था, एसएचजी की स्थिति तथा योजनान्तर्गत आरपीएल प्रशिक्षण, आरएमटी प्रशिक्षण के संबंध में चर्चा हुई। समिति के उक्त बैठक में कलेक्टर ने आवास के निर्माण कार्यों को गंभीरता से किए जाने के लिए निर्देशित किया। चूंकि वर्तमान में राशि सतत प्राप्त हो रही है, जो भी हितग्राही प्राप्त राशि के विरुद्ध निर्माण पूर्ण कराते जा रहे है, उनको अगले किस्त की राशि जारी होती जा रही है। बैठक में सदस्य सह सचिव व सीईओ जिला पंचायत सुश्री लीना कोसम, सभी सदस्यगण तथा योजना के सभी अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# बैंक शाखा प्रबंधक व केशियर के खिलाफ भाजयुमो ने खोला मोर्चा, हटाए जाने की मांग

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**दतिमा मोड़।** भैयाथान विकासखण्ड के बतरा ग्रामीण बैंक के शाखा प्रबंधक व केशियर की मनमानी से ग्राहक परेशान है। तानाशाही रवैया से बैंक ग्राहकों सहित बैंक पहुंचने वाले आम लोग कई हद से परेशान हैं। इस समस्या को लेकर भाजपा युवा मोर्चा उपाध्यक्ष अनूप जायसवाल के नेतृत्व में भटगांव पदाधिकारियों ने अनुविभागीय अधिकारी के द्वारा कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है और शाखा प्रबंधक व बैंक के केशियर को हटाए जाने की मांग की है। ज्ञापन सौंपने के बाद एसडीएम ने संबंधित अधिकारी को मौके पर भेज तत्काल कार्रवाई कराये जाने की आश्वासन दी है।

सौंपे गए ज्ञापन में बताया गया है कि बैंक समय पर न ही खुलता है बैंक खुलने का समय सुबह 10 से 4 बजे तक का समय स्टेट लेबल बैंकर्स कमेटी द्वारा निर्धारित किया गया है और लंच का समय दोपहर 02 से 02ः30 बजे निर्धारित है लेकिन बतरा शाखा प्रबंधक की तानाशाही के चलते यह सब नियम केवल दीवाल में लिखे बस दिखाई दे रहे हैं। वह अपनी मर्जी के अनुसार सुबह 12 बजे के बाद ही बैंक खुलवाते हैं और जब उनका मन होता है तब लंच करने चले जाते है जिसके चलते ग्राहको को घंटो इंतजार करना होता है। वहीं बीते दिनों ग्राहकों ने जब शाखा प्रबंधक से इस मनमानी पर बात की तो उनके द्वारा कई ग्राहकों से शाखा प्रबंधक द्वारा अभद्रता भी की गई। इस संबंध में बैंक के उच्चाधिकारियों को जानकारी न हो ऐसा संभव नहीं है क्योंकि कंप्यूटर में बैंकिंग कार्य का संपादन शुरू होते ही उसकी टाइमिंग रिकॉर्ड होती है। जिसका निरीक्षण अधिकारियों द्वारा किया जाना चाहिए। वही बैंक परिसर में लगे सीसीटीव्ही कैमरा भी मैनेजर की तानाशाही और निष्क्रिय अधिकारी राज का गवाह है। ग्रामीण बैंक शाखा बार-बार लिंक फैल होने की समस्या से परेशान ग्राहकों ने अब बैंक की अव्यवस्था की शिकायत हो चुकी है। ग्राहकों ने बैंक की व्यवस्था सुधारने की मांग की है। कुछ दिन पूर्व इस बैंक की नेट लाइन कट जाने के चलते कुछ दिनों तक लगातार बैंक का लिंक फेल रहा, जिसके चलते ग्राहक परेशान होते रहे।



शाखा की व्यवस्था प्रबंधन की मनमानी के चलते चरमरा सा गई है। क्षेत्र के इस इकलौते बैंक में इतने खाते खुल चुके हैं कि बैंक प्रबंधन इन खातों का संचालन सही ढंग से नहीं कर पा रहा है। खामियाजा ग्रामीण उपभोक्ताओं को भुगतना पड़ रहा है। खातेदारों ने बताया कि उन्हें बैंक में आने के बाद अपना काम कराने के लिए घंटों इंतजार करना पड़ता है। बैंक भवन छोटा होने के कारण यहां ग्राहकों के लिए न तो बैठने की जगह है और न ही भारी गर्मी में भी पेयजल की कोई व्यवस्था की गई है। उपभोक्ताओं को अपने ही जमा किए रुपए को निकालने, जमा करने या दूसरे कामों के लिए भी काफी मशक्कत करनी पड़ रही है। बतरा ब्रांच केशियर अंजनी सिंह के व्यवहार से आमजन परेशान हैं। आए दिन बदलते नियम और उनके बारे में ग्राहकों को सूचना नहीं देना और फिर झल्लाकर जवाब देना, यह केशियर के स्वभाव में शामिल हो गया है और उसके द्वारा इधर से उधर काउंटर पर भेजा जाता है। संतोषप्रद जवाब देने की बजाय दुर्व्यवहार किया की जाती है। इस शाखा में बैंक कर्मचारियों का व्यवहार हमेशा से ऐसा ही रहता है।

ज्ञापन सौंपने वालों में युवा मोर्चा महामंत्री ज्ञान प्रकाश दुबे, मंत्री जयप्रकाश यादव, राजेश्वर यादव, राजीव देवांगन, अभय जायसवाल, हनीश, देव राजवाड़े, मनीष राजवाड़े, राहुल,कैलाश पैकरा, भुवन पैकरा, नरेश पैकरा, सुखदेव पैकरा, राजेश यादव, अविनाश यादव व अन्य उपस्थित रहे।

# जिला स्वच्छ भारत मिशन ( ग्रामीण ) प्रबंधन समिति की बैठक हुई सम्पन्न

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**सूरजपुर।** स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) अंतर्गत जिला स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) प्रबंधन समिति की बैठक विगत दिवस को कलेक्टर सुश्री इफ्फत आरा की अध्यक्षता में आयोजित की गयी। समिति की बैठक में योजना अंतर्गत विभिन्न निर्माण कार्यो की विस्तृत समीक्षा की गयी। जिसमें ग्रामीण अंचलों में जनसमुदाय के लिए निर्मित सामुदायिक शौचालयों के उपयोग एवं रखरखाव के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये तथा इस संबंध में समिति के सदस्यों से भी आवश्यक सुझाव मांगे गये। ग्राम पंचायतों में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन हेतु स्वच्छाग्रहियों के माध्यम से डोर टू डोर, दुकानों प्रतिष्ठानों से सूखे कचरे के निरंतर संग्रहण जारी रखने तथा नियमित यूजर चार्ज लिए जाने एवं संग्रहित कचरे को बेचकर स्वच्छाग्रहियों के आय का स्त्रोत बनाये रखते हेतु निर्देश दिया गया। गोबरधन योजना अंतर्गत स्वीकृत बायोगैस संयंत्र को निर्माण एजेंसी क्रेडा विभाग को बारिश से पूर्व पूर्ण करने हेतु निर्देश दिया गया। पंचायतों में लगने वाले साप्ताहिक बाजारों में साफ-सफाई की जिम्मेदारी स्वच्छाग्रहियों को दिये जाने निर्देश दिये गये। अधिक से अधिक ओ.डी.एफ.प्लस ग्राम बनाये जाने तथा प्रत्येक जनपद से चिन्हांकित 3-3 ग्राम पंचायतों को मॉडल ग्राम बनाये जाने एवं इनमें एस.एच.जी. के माध्यम से बर्तन बैंक प्रारंभ कराये जाने हेतु समस्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत को निर्देशित किया गया। जिले के समस्त ग्राम पंचायतों में सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग रोकने हेतु अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) को निर्देश दिया गया। प्रबंधन समिति की उक्त बैठक में कलेक्टर ने चल रहे निर्माण कार्यो को समय सीमा में पूर्ण करने तथा स्वच्छता के प्रति जन समुदाय में जागरूकता लाने हेतु प्रचार प्रसार करने के निर्देश दिये गये। बैठक में सीईओ जिला पंचायत सुश्री लीना कोसम तथा प्रबंधन समिति के समस्त सदस्यगण एवं स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के जिला तथा जनपद स्तर से अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थें।



# युवा मितान क्लब के अध्यक्ष एवं सदस्यों के प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल हुए मुख्यमंत्री के सलाहकार प्रदीप शर्मा

## शासन की योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश एवं सलाह दिए

**कुनकुरी में युवा मितान क्लब भवन का किया शुभारंभ**






छ.ग.फ्रंटलाइन

**जशपुरनगर।** जशपुर जिले के एक दिवसीय प्रवास पर आए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के सलाहकार, योजना, नीति, कृषि एवं ग्रामीण विकास प्रदीप शर्मा ने कुनकुरी में आयोजित युवा मिशन क्लब के अध्यक्ष एवं सदस्यों के प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ छत्तीसगढ़ के महतारी एवं राज गीत के साथ प्रारंभ हुआ। उन्होंने सेवा भाव से शासन की योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश एवं सलाह दिए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के मंशानुरूप युवाओं को रचनात्मक गतिविधियों से जोड़ने के लिए क्लब योजना की शुरुआत की गई है। इसके माध्यम से छतीसगढ़ की संस्कृति व खेल को आगे बढ़ाने तथा जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने और राजीव युवा मितान क्लब योजना से युवाओं को नेतृत्व क्षमता विकसित होगा। इस अवसर पर उन्होंने क्लब के उद्देश्य, गठन, प्रशिक्षण और क्लब के कार्यों के संबंध में चर्चा की और आवश्यक मार्गदर्शन दिए। उन्होंने राजीव युवा मितान क्लब के सदस्यों को विभिन्न कार्य से जोड़ने के लिए जिला प्रशासन द्वारा की गई पहल की भी सराहना की। संसदीय सचिव एवं कुनकुरी विधायक यू डी मिंज ने युवा मितान क्लब के सदस्यों को बधाई देते हुए कहां की आप सभी जनता की अच्छी सेवा कर रहे हैं। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल युवाओं को आगे बढ़ाने मदद कर रहे हैं। मुख्यमंत्री के मंशानुरूप युवाओं को रचनात्मक गतिविधियों से जोड़ने के लिए क्लब योजना की शुरुआत की गई है। आप लोगों को सेवा करने का अवसर मिला है परिश्रम लगन के साथ सेवा करें। युवा मितान क्लब के सदस्यशासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने महत्वपूर्ण भूमिका निभाएं। उन्होंने कहा कि युवाओं में नेतृत्व क्षमता का विकास करने, स्वावलंबन को बढ़ावा देना, कुपोषण को दूर करने, सामाजिक असमानता ,कुरीतियों को दूर करने, शिक्षा को बढ़ावा देना, स्वच्छता अभियान से जोड़ना हैं एवं सांस्कृतिक सहभागिता को प्रोत्साहन प्रदान करना उद्देश्य है। कलेक्टर डॉ रवि मित्तल ने बताया कि जिले में शासन की योजनाओं की जानकारी कैसे जनता तक कैसे पहुंचे युवा मितान के सदस्य बेहतर सहयोग कर रहे हैं। युवा मितान क्लब के सदस्य गौठान के कार्य, सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण कार्य, बेरोजगारी भत्ता के संबंध में कार्य बहुत अच्छे से कर रहे हैं। उन्होंने युवाओं को जनता की सेवा के लिए और ज्यादा जिज्ञासा बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया। जिला कांग्रेस अध्यक्ष सागर यादव ने भी संबोधित किया तथा युवा मितान क्लब के सदस्यों को हमेशा जनता की सेवा के लिए तत्पर रहने के लिए कहां है। जिला पंचायत सीईओ जितेंद्र यादव संबोधित करते हुए कहा कि आपसी समन्वय से शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाया जाएगा जिससे आम नागरिक को अधिक से अधिक लाभ मिल सके जिसमें आप सभी का सहयोग आवश्यक है। इस दौरान इफ्तिखार हसन, जिला अध्यक्ष अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ, मोहनीश साहू, रवि यादव, सरोज सिंह, जनपद सीईओ पीएस मरकाम, मनोज कुमार मिश्रा, पंकज गुप्ता, विनोद यादव, स्टेट प्लैनिंग कमिशन के सदस्य गण अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के सलाहकार, योजना, नीति, कृषि एवं ग्रामीण विकास प्रदीप शर्मा ने कुनकुरी में बनाए गए राजीव युवा मितान क्लब भवन का भी शुभारंभ किया।

## उत्कृष्ट कार्य के लिए स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कर्मचारी हुए सम्मानित

**दुलदुला सीएचसी को बेस्ट परफॉर्मिंग ब्लॉक अंडर रिस्करीनिंग केटेगरी 2022-23 का मिला है अवार्ड, स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों को कलेक्टर ने प्रशस्ति पत्र प्रदाय कर किया सम्मानित**






छ.ग.फ्रंटलाइन

**जशपुरनगर।** कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में स्वास्थ्य सुविधाओं एवं शासन की योजनाओं के संबंध में चर्चा की और योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के लिए सराहना करते हुए निरंतर बेहतर कार्य करने के लिए अधिकारियों को प्रोत्साहित किया। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी कर्मचारी को सम्मानित किया गया। दुलदुला सीएचसी को बेस्ट परफॉर्मिंग ब्लॉक अंडर स्क्रीनिंग कैटेगरी 2022-23 का अवार्ड मिलने पर कलेक्टर ने प्रशंसा जताई और दुलदुला सीएचसी की टीम को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। गणेश राम लहरे, जे. एस.ए. (एन.सी.डी.) सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दुलदुला के द्वारा सर्वाधिक आयुष्मान कार्ड बनाये जाने का कार्य किया गया है। वही जेम्स मिंज बी.एम.ओ., घर्मेन्द्र धुर्वे बी.पी.एम, डॉ. संदीप भगत, निश्चेतना विशेषज्ञ और श्रीमती डॉ. संपोषी गुप्ता स्त्री रोग विशेषज्ञ, सीएचसी विकास खण्ड-पत्थलगांव के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पत्थलगांव में सी. सेक्शन प्रारंभ करने का कार्य किया गया है। इसी प्रकार डॉ. आर. एस. पैंकरा, जिला टीकाकरण अधिकारी के द्वारा जिले में 95 प्रतिशत टीकाकरण कवरेज किया गया है। वही डॉ. अभिषेक श्रीवास्तव, डेंटल सर्जन, सीएचसी दुलदुला द्वारा राष्ट्रीय मुख स्वास्थ्य कार्यक्रम अंतर्गत डेंटल प्रोसिजर में उत्कृष्ट कार्य किया गया है। इसी प्रकार सुशील कुमार टोप्पो विकासखंड कार्यक्रम प्रबंधक, फरसाबहार, डॉ. विनय कुमार भगत, फरसाबहार द्वारा गर्भवती महिलाओं का चिन्हांकन का कार्य किया गया है। जिसके लिए इन सभी को कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

## मुख्यमंत्री के सलाहकार प्रदीप शर्मा ने सी-मार्ट का किया निरीक्षण

**स्थानीय उत्पादों के विक्रय के लिए सी-मार्ट उपयुक्त साधन है**





छ.ग.फ्रंटलाइन

**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री के सलाहकार प्रदीप शर्मा ने आज जशपुर जिले के सी-मार्ट का निरीक्षण किया गया और समूह की महिलाओं को प्रोत्साहित करते हुए प्रशंसा जाहिर की। उन्होंने कहा कि सी-मार्ट के माध्यम से गौठान के स्व सहायता समूह की महिलाओं के द्वारा बनाए गए उत्पादों के विक्रय कराने के लिए सी-मार्ट एक उपयुक्त साधन है। सी-मार्ट के माध्यम से समूह के माध्यम से एक ही समय में एक से अधिक कार्य करके आर्थिक मजबूती प्राप्त करने का जरिया छत्तीसगढ़ शासन और जिला प्रशासन ने दिया है। इस अवसर पर जशपुर विधायक विनय भगत, कलेक्टर डॉ रवि मित्तल, जिला पंचायत सीईओ जितेंद्र यादव, डीएफओ जितेंद्र उपाध्याय, सूरज चौरसिया, झारखंड से आए फॉरेस्ट विभाग के अधिकारी सिद्धार्थ, अतिथि गण एवं संभाग से आए संभाग स्तरीय टेक्निकल सपोर्ट एवं विभाग के अधिकारी उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि जिले में सी-मार्ट की सुविधा मिलने से स्व सहायता समूह की महिलाएं आज आर्थिक रूप से खुद आत्मनिर्भर बन कर अपने परिवार को भी सहयोग दे रही हैं साथ ही अन्य महिलाओं को भी अपनी सहभागिता निभाने के लिए प्रोत्साहित कर रही हैं। जिला प्रशासन ने स्व सहायता समूह की महिलाओं को फूड प्रोसेसिंग यूनिट की भी सुविधा उपलब्ध कराई है। इससे महिलाओं को रोजगार मिला है और अपने हाथों से विभिन्न सामग्रियों का पैकिंग करके तैयार करती है। इसके अलावा इमली चटनी, ईमली तेल, अगरबत्ती, धनिया पाउडर, चावल, दाल, चाय पत्ती, महुआ लड्डू, फूल झाड़ू, सेनेटाइजर, काजू, सरसों का तेल, फेसवास, हैण्ड वास का भी विक्रय करके महिलाएं अच्छी आमदनी प्राप्त कर रही हैं। समूह की महिलाओं ने बताया कि जशपुर के सी-मार्ट से सामग्रियों की मांग रायपुर, भिलाई, दुर्ग, सुकमा, अंबिकापुर जिलों में भी बड़ी मात्रा में की जाती है। अन्य जिलों में मुख्य रूप से काजू, चाय, जीराफूल, जौफूल की मांग बनी हुई है। जशपुर जिले के काजू और चाय की मांग का मुख्य कारण गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाता है।

## नशीली कफ सीरप से भरी कार दुर्घटनाग्रस्त, चालक कार छोड़कर हुआ फरार, कुनकुरी पुलिस कर रही जांच





छ.ग.फ्रंटलाइन

**कुनकुरी।** अंचल में चल रहे अवैध नशे के कारोबार पर नही लग पा रहा है अंकुश। प्रतिबंधित दवाओं का नशे के रूप में बढ़ रहा है इस्तेमाल जिसका लाभ उठाने के लिये नशे के तस्कर दिन रात इन नशीली दवाओं की तस्करी में संलिप्त है। विभिन्न प्रकार के वाहनों का इस्तेमाल कर नशे के इस कारोबार को संचालित कर रहे है। इसी कड़ी में नगर के मुख्य मार्ग पर जशपुर रोड में तालाब के पास एक लावारिस हालत में दुर्घटनाग्रस्त कार को देखा गया। काफी देर बाद खुलासा हो सका कि कार में नशे के रूप में प्रयोग होने वाला कफ सीरप भारी मात्रा में भरा हुआ है। मिली जानकारी के अनुसार गुरूवार की प्रातः जशपुर रोड पर हुंडई आई 20 कार क्रमांक जेएच 24 ई 0703 को दुर्घटनाग्रस्त स्थिति में पाया गया। कार लावारिस हालत में पाई गई थी तथा चालक व सवार उसमें नही पाये गये। काफी देर तक लावारिस हालत में देखकर दुर्घटनाग्रस्त कार की सूचना कुनकुरी पुलिस को दी गई। जिसके उपरांत कार की तलाशी के दौरान कार की डिक्की में भारी मात्रा में नशीला कफ सीरप पाया गया। पुलिस ने कार को अपने कब्जे में लेकर विवेचना प्रारंभ कर दी है। जांच के उपरांत मामले की जानकारी देने के बारे में कहा जा रहा है। भारी मात्रा में मिली नशीली कफ सीरप को लेकर नगर में चर्चा का बाजार गर्म है।

## भाजपा के बंद का कुनकुरी नगर में नज़र नही आया असर, इक्का-दुक्का दुकाने ही कुछ देर रही बंद



छ.ग.फ्रंटलाइन

**कुनकुरी।** भाजपा का सरगुजा संभाग बंद के आव्हान के अन्तर्गत कुनकुरी नगर में बंद का असर आंशिक रूप से रहा। बुधवार की देर शाम भाजपा द्वारा किये गये बंद के आव्हान पर कुनकुरी नगर के व्यापारियों में बंद को समर्थन देने के प्रति एक राय नही बन पा रही थी। जिसके बाद गुरूवार की प्रातः बंद को लेकर संशय की स्थिति बनी हुई थी। 10-11 बजे तक नगर का बाजार आशिंक रूप से बंद रहा, जिसके बाद दुकाने एक एक कर खुलना प्रारंभ हो गई और इक्का दुक्का दुकानों को छोड़कर नगर के प्रायः सभी दुकाने खुल गई। जशपुर जिले के विकासखण्ड बगीचा अन्तर्गत ग्राम दुर्गापुर में क्षेत्रीय डीडीसी गेंदबिहारी सिंह के साथ पुलिस द्वारा किये गये बर्बरता पूर्ण व्यवहार को लेकर जिले का राजनैतिक वातावरण गर्माया हुआ है। घटना के विरोध में भाजपा द्वारा सरगुजा बंद का आव्हान किया गया है। जिसके अन्तर्गत जशपुर जिले के कई स्थानों पर बंद का आशिंक असर ही देखा गया।

## स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल पतराटोली में प्रवेश के अंतिम तिथि 05 मई

छ.ग.फ्रंटलाइन

**जशपुरनगर।** जिले के दुलदुला विकासखण्ड के अंतर्गत स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम उच्च. माध्य. विद्यालय पतराटोली में दिनांक 10 अप्रैल 2023 से नये सत्र 2023-24 हेतु प्रवेश प्रारंभ हो चूका है जिसमें कक्षा 1 ली एवं कक्षा 8 वीं, से 12 वीं तक रिक्त शीटें है इच्छुक विद्यार्थी ऑनलाईन तथा ऑफलाईन प्रवेश फॉर्म भर सकते है। जिसकी अंतिम तिथि 05 मई 2023 तक निर्धारित की गई है।

## कुनकुरी लवाकेरा राजमार्ग पर दो घण्टे तक रहा चक्काजाम, लिखित आश्वासन के बाद मामला हुआ शांत

**केरसई के ग्रामीणों ने सड़क निर्माण की गुणवत्ता एवं निर्माण की धीमी गति को लेकर जताया रोष, उड़ रही धूल से जन स्वास्थ्य पर मंडरा रहा गंभीर खतरा**






छ.ग.फ्रंटलाइन

**कुनकुरी।** विगत काफी लम्बे समय से धीमी गति से चल रहे कुनकुरी लवाकेरा राजमार्ग के निर्माण को लेकर ग्राम केरसई के ग्रामीणों ने आज सुबह चक्काजाम कर दिया। लगभग दो घण्टे जाम की स्थिति बने रहने के बाद विभाग के एसडीओ ललित भोई के मौके पर पहूंचने के बाद ग्रामीणों से काफी देर चर्चा होने के उपरांत लिखित आश्वासन देने के बाद जाम खुल पाया। मौके पर उपस्थित भाजपा नेता गोपाल कश्यप ने जानकारी देते हुए बताया कि पूर्व में प्रशासन को समस्या से अवगत कराया गया था जिसके बाद भी समस्या से निजात नही मिल पा रही थी। ग्रामीणों ने कार्यवाही नही होने की स्थिति में चक्काजाम करने की जानकारी भी दी थी किन्तु प्रशासन की ओर से कार्यवाही नही होने की स्थिति में मजबूर ग्रामीणों द्वारा चक्काजाम किया गया। ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क निर्माण का कार्य काफी धीमी गति से चल रहा है और ठेकेदार द्वारा सड़क उखाड़कर छोड़ दिया गया है जिसके कारण धूल उड़ने की समस्या से पूरा ग्राम जूझ रहा है। इस मार्ग पर रहने वालो का जीवन दुर्भर हो गया है और इस मार्ग पर चलने वालों को दुर्घटना का सामना भी करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का यह भी आरोप है कि ठेकेदार द्वारा धूल से छुटकारा दिलाने पानी का छिड़काव भी नही किया जाता है और इसकी शिकायत करने पर ठेकेदार द्वारा छिड़काव करने की गलत जानकारी दी जाती है। धूल उड़ने के कारण स्थानीय लोगो के स्वास्थ्य पर भी बुरा असर पड़ रहा है।

---

न्यायालय नायब तहसीलदार अम्बिकापुर-02 जिला-सरगुजा (छ0ग0)

रा.प्र.क्र....... / 2022-23

ईश्तहार

एतद् सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक आनंद आ0 स्व0 महानंद, व अन्य 12, निवासी ग्राम सरगवां, तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ0ग0) के द्वारा ग्राम सरगवां स्थित भूमि खसरा नम्बर 314 / 1 रकबा 1.490 हें0 में से रकबा 1.212 हे0 भूमि आवेदकगण के ईलाज, विवाह एवं जीर्ण-शीर्ण मकान को बनवाने हेतु रूपयों की आवश्यकता होने के कारण अनावेदक आकाश साहू आ0 देवकुमार साहू, निवासी लक्ष्मीपुर, तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ.ग. व अन्य 03 का रू0 29,70,000 /- (उन्तीस लाख सत्तर हजार रू0) में विक्रय करने की अनुमति हेतु आवे. दन पत्र कलेक्टर महोदय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। जो जांच प्रतिवेदनार्थ इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। उक्त संबंध में किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह पेशी दिनांक 22.05.2023 को न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर अपना दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात् प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। आज दिनांक 26.04.2023 को न्यायालयी पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

नायब तहसीलदार
अम्बिकापुर-02

---

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) धौरपुर, जिला सरगुजा, (छ0ग0)

रा.प्र.क्र. / अ-2 / 2022-23

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व-साधारण ग्राम सुमेरपुर उर्फ चेन्द्रा को सूचित किया जाता है कि आवेदक गोपाल अग्रवाल आ0 परमेश्वर दास अग्रवाल जाति अग्रवाल, निवासी मायापुर, तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ.ग.) के द्वारा अपने स्वामित्व एवं अधिपत्य की भूमि स्थित- ग्राम सुमेरपुर उर्फ चेन्द्रा तहसील लुण्ड्रा (धौरपुर) खसरा नंबर 325 / 12 रकबा 0.485 हे. भूमि को न्यायालय कलेक्टर सरगुजा के रा0प्र0क्र0 162 / अ-2 / 2013 / 14 पारित आदेश दिनांक 29.07.2016 के तहत कृषि भिन्न, व्यवसायिक प्रयोजन में व्यपवर्तन हुआ था उसे आवेदक औद्यौगिक प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने के लिए बी-1, खसरा, व्यपवर्तन प्रमाण-पत्र, चालान की छायाप्रति आदि संहित आवेदन प्रस्तुत किया है, जो न्यायालय में विचाराधीन है। अतएव उक्त सम्बन्ध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो निर्धारित सुनवाई तिथि 10.05.2023 को मेरे न्यायाल में अथवा अधिक्षक भू-अभिलेख के कार्यालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात् प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। आज दिनांक 26.04. 2023 को न्यायालयी पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

(राम सिंह ठाकुर)
अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
धौरपुर

---

न्यायालय नायब तहसीलदार अंबिकापुर-02 जिला- सरगुजा (छ0ग0)

रा0प्र0क्र0 /अ-6/2022-23

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक अजेश मिश्रा आ0 कैलाश मिश्रा, निवासी भट्ठी रोड अंबिकापुर, तहसील अंबिकापुर, जिला -सरगुजा (छ0ग0) के द्वारा भू- राजस्व संहिता 1959 की धारा 115, 116 के अंतर्गत आवेदन श्रीराम अनुविभागीय अधिकारी(रा0) अंबिकापुर के समक्ष प्रस्तुत कर बताया गया है कि आवेदक के स्वामित्व की ग्राम सरगवां स्थित भूमि खसरा नंबर 826 रकबा 0.100 हे0 के नक्शा राजस्व अभिलेख एवं वास्तविक नक्शा में अंतर है। आवेदक द्वारा वास्तविक स्थल के अनुसार नक्शा सुधार किए जाने हेतु निवेदन किया गया है। जो जांच प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो, तो पेशी तिथि 22/05/2023 को न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दवा प्रति प्रस्तुत कर सकते हैं। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। आज दिनांक 26/04/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

नायब तहसीलदार
अंबिकापुर-02

---

न्यायालय तहसीलदार पत्थलगांव, जिला-जशपुर (छ0ग0)

रा.प्र.क्र. / अ-20(2) / 2022-23

ग्राम पत्थलगांव, तह0 पत्थलगांव

ईश्तहार

एतद् द्वारा आम जनता नगर पंचायत पत्थलगांव को सूचित किया जाता है कि आवेदक सत्येन्द्र आ0 लाला उर्फ मुनीद्र जाति गोड, निवासी-पत्थलगांव तहसील पत्थलगांव जिला जशपुर (छ0ग0) के द्वारा ग्राम पत्थलगांव स्थित शासकीय भूमि नजूल प्लॉट / ख0 नं0 612 / 1, 613 / 1 में से रकबा 275 वर्गफुट भूमि का व्यवस्थापन कर भूमि स्वामी अधिकार प्रदाय किये जाने हतु कलेक्टर महोदय जशपुर को आवेदन पत्र प्रस्तुत करने पर प्रकरण अनुविभागीय अधिकारी (रा0) पत्थलगांव के माध्यम से इस न्यायालय को जॉच कर प्रतिवेदन हेतु प्राप्त हुआ है। जो इस न्यायालय में विचाराधीन है। अतः उक्त भूमि को व्यस्थापन कर भूमि स्वामी अधिकार प्रदान किये जाने के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को उजर आपत्ति या दावा हो वह स्वयं अथवा वैध अभिकर्त्ता के मय दस्तावेज दावा या आपत्ति दिनांक 16.10.2022 तक न्यायालय में पेश कर सकता है। नियत समय पश्चात् प्राप्त दावा या आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 26.09.2022 को न्यायालयी पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

तहसीलदार,
पत्थलगांव, जिला जशपुर (छ0ग0)

---

न्यायालय तहसीलदार अंबिकापुर के न्यायालय में मामला

क्रमांक: 202303020700222

विषय:-अ-6 मामले की श्रेणी:-राजस्व सन् 2022-2023

अंबिकापुर

प.ह.न.00015[2396/11(0.0080हे0)]

पक्षकारों का विवरण-

आवेदक पक्षकार- अब्दुल कलाम,

अनावेदक पक्षकार- महनाज, फातमा,

ईश्तहार

आवेदक अब्दुल कलाम आश स्व0 अब्दुल अजीज निवासी मोमिनपुरा अंबिकापुर तहसील अंबिकापुर जिला सरगुजा छ.ग. के द्वारा ग्राम अंबिकापुर स्थित खसरा नंबर 2396/11 रकबा 0.020 हे0 भूमि में से 0.008 हे0 भूमि के राजस्व अभिलेखों में हिब्बानामा के आधार पर नामांतरण किए जाने बाबत आवेदन पेश किया गया है। उक्त संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो पेशी दिनांक 08/05/2023 के पूर्व न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थिति होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 28.03.2023 को जारी किया जाता है

तहसीलदार
सरगुजा अंबिकापुर

---

न्यायालय नायब तहसीलदार अंबिकापुर-02 जिला- सरगुजा (छ0ग0)

रा0प्र0क्र0 /अ-6/2022-23

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक देवेश मिश्र आ0 कैलाशनाथ मिश्र, निवासी भट्ठी रोड अंबिकापुर, तहसील अंबिकापुर, जिला - सरगुजा (छ0ग0) के द्वारा भू- राजस्व संहिता 1959 की धारा 115, 116 के अंतर्गत आवेदन श्रीराम अनुविभागीय अधिकारी (रा0) अंबिकापुर के समक्ष प्रस्तुत कर बताया गया है कि आवेदक के स्वामित्व की ग्राम सरगवां स्थित भूमि खसरा नंबर 722/1 रकबा 0.500 हे0 के नक्शा राजस्व अभिलेख एवं वास्तविक नक्शा में अंतर है। आवेदक द्वारा वास्तविक स्थल एवं चौहदी के अनुसार नक्शा सुधार किए जाने हेतु निवेदन किया गया है। जो जांच प्रतिवेदन हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। उक्त संबंध में यदि किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो, तो पेशी तिथि 22/05/2023 को न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दवा प्रति प्रस्तुत कर सकते हैं। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। आज दिनांक 26/04/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

नायब तहसीलदार
अंबिकापुर-02

---

न्यायालय नजूल अधिकारी अम्बिकापुर, जिला-सरगुजा (छ0ग0)

रा.प्र.क्र. 202304021200048 / अ-20(3) / 2022-23

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका मीरा शुक्ला पत्नी श्री सुशील शुक्ला जाति ब्राम्हण, निवासी बाबूपारा अम्बिकापुर थाना व तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ.ग. के द्वारा अपने स्वामित्त की मोहल्ला बाबूपारा नगर अम्बिकापुर शीट नम्बर 09 स्थित नजूल भूखण्ड क्रमांक 3531 / 20 रकबा 0.03 एकड़ भूमि को बैंक में बंधक रखने की अनापत्ति प्रमाण-पत्र प्रदाय करने संबंधी आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। आवेदन पत्र के साथ शपथ पत्र, एवं मेन्टेनेंश खसरा बिक्रय पत्र की छायाप्रति पेश की गई है। उक्त भू-खण्ड के संबंध में यदि किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा / आपत्ति हो तो अपना लिखित दावा / आपत्ति स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 24.05.2023 तक इस न्यायाल में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात् प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। आज दिनांक 25.04.2023 को न्यायालयी पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

नजूल अधिकारी,
अम्बिकापुर

---

न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर, जिला सरगुजा (छ0ग0)

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक लक्ष्मी दास जोहर दास निवासी मणिपुर थाना अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर ने करया है कि आवेदक के पिता की दिनांक 25.05.1995 को स्थान निवास में हुई है। आवेदक के मृत्यु उपरांत मृत्यु का पंजीयन नहीं कराया गया है। अतः प्रमाण-पत्र की आवश्यकता होने पर यह आवेदन पेश किया गया है। उक्त के सम्बन्ध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रक. ाशन से 15 दिवस तक न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा / आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। समय-सीमा के पश्चात् प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। आज दिनांक 24.04.2023 को न्यायालयी पदमुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

तहसीलदार,
अम्बिकापुर, सरगुजा

## चिंतन

# क्रूज के बाद पहली वाटर मेट्रो देश की नई उपलब्धि

रिवर क्रूज व सी प्लेन के बाद केरल के कोच्चि में देश की पहली वाटर मेट्रो की शुरूआत जल परिवहन की दिशा में एक और उपलब्धि है। समुद्री किनारे बसे क्षेत्रों के लिए यह स्वदेशी वाटर मेट्रो वरदान साबित होगी। केरल, मुंबई, तमिलनाडु, ओडिसा, कोलकाता, अंडमान निकोबार द्वीप समूह, दमन दीव, गोवा, लक्षद्वीप, बिहार आदि ऐसे क्षेत्र हैं जिनमें किफायती जल परिवहन की अपार संभावनाएं हैं। पूरी तरह इलेक्ट्रिक व हाइब्रिड सिस्टम पर आधारित वाटर मेट्रो जलमार्ग के छोटे रूटों के लिए बहुत उपयोगी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कोच्चि में 1137 करोड़ रुपये की लागत वाली भारत की पहली वाटर मेट्रो की शुरुआत की है। वाटर मेट्रो कोच्चि में और उसके आसपास के 10 द्वीपों को जोड़ेगी। कोचीन शिपयार्ड लिमिटेड ने इन वाटर मेट्रो का निर्माण किया है। इससे प्रदूषण कम करने में मदद मिलेगी। वाटर मेट्रो से द्वीप पर रहने वाले एक लाख से ज्यादा लोगों को फायदा होगा। वाटर मेट्रो से कोच्चि के इर्द-गिर्द अनेक द्वीपों पर रहने वाले लोगों को सस्ता और आधुनिक ट्रांसपोर्ट मिलेगा। केरल में हो रहा यह प्रयोग देश के अन्य राज्यों के लिए भी मॉडल बनेगा। वर्तमान में, केरल जल परिवहन विभाग विभिन्न मार्गों पर लगभग 200 बोट ऑपरेट कर रहा है। हालांकि समय का पाबंद न होने व यात्रियों की सुरक्षा का ध्यान न रखने जैसे कारणों के चलते वर्षों से इन बोटों की सेवाओं की आलोचना भी होती रही है। अब वाटर मेट्रो के शुरू हो जाने से केरल में जल परिवहन में प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी, जिससे सेवा सुधरेगी। भूतल परिवहन मंत्रालय के अनुसार भारत का कुल आंतरिक जलमार्ग 14500 किमी है, लेकिन इसमें से नदी जलमार्ग का 3700 किमी तथा नहर जलमार्ग का 900 किमी विकास हुआ है। 3700 किमी नदी मार्ग से मात्र 2000 किमी मार्ग पर ही वर्ष भर परिवहन का कार्य होता है। अन्य मार्ग आंशिक रूप से ही उपयोग में लाए जाते हैं, जबकि भारत में जल परिवहन के क्षेत्र में काफी मौके हैं। यात्रा से लेकर माल ढुलाई तक जल परिवहन किफायती है। पिछली सरकारों ने प्राथमिक प्रयासों के बावजूद इस क्षेत्र का पर्याप्त दोहन नहीं किया है। मोदी सरकार जल परिवहन को विस्तार देने की कोशिश कर रही है। सांस्कृतिक, धार्मिक व एडवेंचर पर्यटन के साथ सामान्य यात्राओं व माल ढ़लाई के लिहाज से भारत में जल परिवहन के क्षेत्र के तेजी से बढ़ने के अवसर हैं। पिछले साल वाराणसी से असम के डिब्रूगढ़ तक 3200 किलोमीटर के रूट पर गंगा विलास क्रूज शुरू हुआ था, जिसने देश में क्रूज परिवहन के नए दौर का आगाज किया। शहरों के बीच लंबी नदी क्रूज यात्रा के अलावा सरकार छोटे क्रूज (सी प्लेन) को भी बढ़ावा दे रही है। गुजरात व गोवा में भी क्रूज परिवहन चल रहा है। नदी जल मार्ग का उपयोग कर भारत अपनी अर्थव्यवस्था को गति दे सकता है। यूरोप लंबे समय से ऐसा कर रहा है। देश में जल परिवहन को बढ़ावा देने के लिए 1986 में भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण की स्थापना हुई थी। देश के अन्य प्रमुख जल संस्थानों में राष्ट्रीय अंतर्देशीय नौवहन संस्थान पटना, राष्ट्रीय जलकीड़ा संस्थान गोवा और इंडियन मेरीटाइम यूनिवर्सिटी चेन्नई शुमार हैं। भारत में गंगा, हुबली, कोशी, बागमती, गंडक, कमला, कावेरी, नर्मदा, महानंदा, ब्रह्मपुत्र, बंगाल की खाड़ी, हिंद महासागर आदि अनेक जल मार्ग हैं, जिन्हें जल परिवहन के लिए उपयोग किया जाना चाहिए। वाटर मेट्रो जैसे प्रोजेक्ट से उम्मीद बढ़ी है।



# असंभव नहीं दो ट्रिलियन निर्यात लक्ष्य

अर्थव्यवस्था

डॉ. अश्विनी महाजन

विदेश व्यापार नीति के अनुसार वर्ष 2030 तक 2000 अरब डालर के निर्यात का लक्ष्य रखा गया है, जिसमें वस्तुओं और सेवाओं दोनों के निर्यात शामिल हैं। देश में अभी तक निर्यातों के ढुलमुल प्रदर्शन के चलते, कई विशेषज्ञ इस बड़े लक्ष्य के बारे में शंका व्यक्त कर रहे हैं, लेकिन साथ ही देश में विशेषज्ञों का एक बड़ा वर्ग इस लक्ष्य को असाध्य नहीं मान रहा, देश इससे कहीं ज्यादा प्राप्त कर सकता है। वर्ष 2013-14 में अर्थव्यवस्था मात्र 2 खरब डॉलर से भी कम थी, जो अभी तक बढ़कर 3.5 खरब डॉलर से ज्यादा हो चुकी है। वर्ष 2030 में जब हम 7 खरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बन चुके होंगे, 2 खरब डॉलर के निर्यात का लक्ष्य कोई बहुत बड़ा लक्ष्य नहीं है।

मार्च 31, 2023 को घोषित विदेश व्यापार नीति के अनुसार वर्ष 2030 तक 2000 अरब डालर के निर्यात का लक्ष्य रखा गया है, जिसमें वस्तुओं और सेवाओं दोनों के निर्यात शामिल हैं। देश में अभी तक निर्यातों के ढुलमुल प्रदर्शन के चलते, कई विशेषज्ञ इस बड़े लक्ष्य के बारे में शंका व्यक्त कर रहे हैं, लेकिन साथ ही देश में विशेषज्ञों का एक बड़ा वर्ग इस लक्ष्य को असाध्य नहीं मान रहा, बल्कि कुछ लोगों का तो यह भी मानना है कि देश इससे कहीं ज्यादा प्राप्त कर सकता है। दोनों पक्षों के क्या तर्क हैं, इसे समझना होगा।

आज से दस साल पहले 2012-13 में भारत के वस्तुओं और सेवाओं के निर्यात मात्र 452.3 अरब डालर के ही थे। 2012-13 के बाद हमारे आयात तो द्रुत गति से बढ़ते गए, लेकिन निर्यातों के बढ़ने की गति धीमी रही। 2021-22 में हमारे वस्तुओं और सेवाओं के निर्यात हालांकि 683.7 अरब डालर तक पहुंच गए थे, लेकिन आयात 766 अरब डालर पहुंच गए। हालांकि आयात इस वर्ष 882 अरब डालर तक पहुंच सकते हैं, लेकिन वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल का कहना है कि निर्यात भी पिछले वर्ष 683.7 अरब डालर की तुलना में, इस वर्ष 767.0 अरब डालर रह सकते हैं। यह सही है कि पिछले 10 वर्षों में वस्तुओं और सेवाओं के निर्यात बहुत तेजी से नहीं बढ़े, परंतु पिछले साल वस्तुओं और सेवाओं के निर्यात 11.3 प्रतिशत की दर से बढ़ गए। यानी कुछ समय पहले जो 2030 में निर्यातों का 1000 अरब डालर का लक्ष्य भी अभेद्य लग रहा था, 2023 में 2000 अरब डालर का लक्ष्य प्राप्त करने हेतु देश को निर्यातों के बढ़ने की गति को मात्र 14.81 प्रतिशत ही रखना होगा, जो कि पिछले वर्ष में निर्यातों की ग्रोथ से बहुत ज्यादा नहीं है।

आज जब भारत समेत दुनिया के सभी मुल्क बढ़ती महंगाई से त्रस्त हैं, भारत में महंगाई की दर शेष दुनिया से अभी भी कम है। भारत लगातार दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बना हुआ है। बढ़ती ग्रोथ का असर जीएसटी की प्राप्तियों में दिखाई दे रहा है। हालांकि जीएसटी प्राप्तियों में बड़ा हिस्सा आयात शुल्कों का है, लेकिन मध्यवर्ती वस्तुओं के आयातों पर मूल्य संवर्द्धन भी जीएसटी में वृद्धि का कारण बन रहा है। यानी ग्रोथ हो या महंगाई पर अंकुश सभी देश की बढ़ती निर्यात संभावनाओं की ओर इंगित कर रहे हैं। यह भी सही है कि दुनिया में चल रही मंदी और महंगाई के कारण घटती क्रय शक्ति के चलते निर्यातों में वृद्धि करना एक चुनौतीपूर्ण कार्य है। उसके बावजूद भारत के सेवाओं और वस्तुओं के निर्यातों में हो रही वृद्धि विशेष महत्व रखती है। देखना होगा कि भारत के निर्यातों में कहां ज्यादा वृद्धि हो रही है।

खाद्य पदार्थों के निर्यात में वृद्धि का कुल निर्यातों में विशेष योगदान है। 2021-22 में 50 अरब डालर से अधिक खाद्य निर्यात किए गए। 2022-23 के आंकड़े आना अभी बाकी है, लेकिन अभी भी खाद्य निर्यातों में कुल निर्यातों में खासा योगदान बना हुआ है। निर्यातों में वृद्धि में प्रतिरक्षा निर्यातों का बड़ा योगदान दिखाई दे रहा है। गौरतलब है कि अभी तक भारत प्रतिरक्षा के क्षेत्र में आयातों पर ही अधिक निर्भर रहा है, लेकिन प्रतिरक्षा उद्योग में हुई प्रगति और विशेषतौर पर निजी क्षेत्र के



प्रतिरक्षा उद्योग में बढ़ते योगदान के चलते देश न केवल प्रतिरक्षा में उपकरणों में आत्मनिर्भर हुआ है, बल्कि इस उद्योग का निर्यातों में भी योगदान बढ़ा है। एक ओर जहां देश अपनी प्रतिरक्षा जरूरतों का 70 प्रतिशत आयातों से प्राप्त करता था, अब मात्र 32 प्रतिशत उपकरणों के लिए ही आयातों पर निर्भर करता है।

पिछले छह वर्षों में प्रतिरक्षा निर्यातों में 10 गुणा से ज्यादा वृद्धि, भविष्य में इस क्षेत्र के निर्यातों की संभावना को इंगित करती है। गौरतलब है कि 2016-17 में प्रतिरक्षा निर्यात मात्र 1521 करोड़ रुपये के थे, जो 2022-23 में बढ़कर 15920 करोड़ रुपये तक पहुंच चुके हैं। कहा जा सकता है कि भारत का प्रतिरक्षा उद्योग एक ओर विदेशी मुद्रा बचा रहा है और दूसरी ओर विदेशी मुद्रा कमा भी रहा है। बढ़ते विदेशी आर्डरों से प्रतिरक्षा उद्योग में काफी स्पंदन दिखाई दे रहा है। सेवा क्षेत्र में भारत का परचम पिछले 30 वर्षों से लहरा ही रहा है, लेकिन वर्तमान काल में उसका महत्व और बढ़ गया है। पांच वर्षों में ही हमारे सेवाओं के निर्यात 2016-17 में 164.2 अरब डालर से बढ़ते हुए 2021-22 तक 254.5 अरब डालर तक पहुंच गए थे। वर्ष 2022-23 के पहले 11 महीनों में ये निर्यात 296.9 अरब डालर तक पहुंच चुके हैं और अनुमान है कि 2022-23 के पूर्ण वर्ष के लिए यह आंकड़ा 325 अरब डालर पार कर सकता है। खास बात यह है कि इन निर्यातों में आधे से ज्यादा हिस्सा सॉफ्टवेयर निर्यातों का है। इसके अलावा देश बड़ी मात्रा में बीपीओ, एलपीओ समेत कई प्रकार की व्यावसायिक सेवाओं का भी निर्यात कर रहा है। देश की सॉफ्टवेयर में प्रगति ने चीन समेत अन्य मुल्कों को भी पीछे छोड़ रही है। दुनिया के कई मुल्क भारत से आयात करना चाहते भी थे तो भी वे पूर्व में डॉलरों के अभाव के चलते आयात नहीं कर पाते थे। लेकिन हाल ही में भारत सरकार ने एक पहल की और भारतीय रिजर्व बैंक ने एक परिपत्र के माध्यम से आयात और निर्यात के लिए अंतरराष्ट्रीय भुगतान निपटारों को रुपयों में करने की अनुमति प्रदान कर दी। दिसंबर में रूस के साथ व्यापार का भुगतान रुपयों में करने की शुरुआत हो चुकी है। अभी तक इंग्लैंड, न्यूजीलैंड, जर्मनी, मलेशिया, इजराइल, रूस और यूएई समेत 19 देशों के बैंकों को 'स्पेशल वोस्त्रो रूपी एकाउंट' खोलकर रुपयों में भुगतान निपटारे करने की अनुमति प्रदान की जा चुकी है। ऐसा माना जा रहा है कि रुपयों में भुगतान होने के कारण जहां पहले आयात के लिए डॉलर, पाउंड, येन इत्यादि का उपयोग होता था, वे भुगतान रुपयों में होने लगेंगे। इन 19 मुल्कों के साथ अभी भी काफी बड़ी मात्रा में आयात और निर्यात होता है, रुपयों में भुगतान के चलते इन मुल्कों के पास भारतीय रुपये का स्टॉक बढ़ेगा। पूर्व में भारतीय साजो-सामान दूसरे मुल्कों से महंगा माना जाता था, उसका कारण था हमारी इन्फ्रास्ट्रक्चर की कमी। पिछले कुछ समय से देश में बिजली की अब कोई कमी दिखाई नहीं देती। उद्योगों को निरंतर बिजली मिल रही है। सौर ऊर्जा इत्यादि के कारण बिजली की लागत में कमी देखी जा रही है। बेहतर डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर भी भारत की प्रतिस्पर्धा को बेहतर बना रहा है।

ऐसे में जब अभी तक भारत 767 अरब डालर के निर्यात का लक्ष्य हासिल कर चुका है, अगले 7 वर्षों में निर्यात को 2000 अरब डालर तक ले जाना कोई अभेद्य लक्ष्य नहीं लगता, लेकिन देश को इसके लिए निरंतर प्रयास करने होंगे। देश में मैन्युफैक्चरिंग को बल देना होगा, लागतों को कम करना होगा और वर्तमान में इन्फ्रास्ट्रक्चर निर्माण की गति को बरकरार रखना होगा। गौरतलब है कि वर्ष 2013-14 में भारत की अर्थव्यवस्था मात्र 2 खरब डॉलर से भी कम थी, जो अभी तक बढ़कर 3.5 खरब डॉलर से ज्यादा हो चुकी है। वर्ष 2030 में जब हम 7 खरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बन चुके होंगे, 2 खरब डॉलर के निर्यात का लक्ष्य कोई बहुत बड़ा लक्ष्य नहीं है।

(ये लेखक के अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## सच्चा योगी फल की इच्छा बिना करता है कार्य



भगवद्गीता, अध्याय 5 श्लोक 12 में भगवान कृष्ण कहते हैं, 'युक्तः कर्मफलं त्यक्तवा शांतिमाप्नोति नैष्ठिकीम। अयुक्तः कामकारेण फले सक्तो निबध्यते।' भगवान कृष्ण हमें अपने सभी कार्यों को उनके चरणों में अर्पित करने और अपनी अपेक्षाओं को त्यागने की सलाह देते हैं। सच्चा योगी फल की इच्छा के बिना अपने कार्य करता है।



संकलित

दर्शन

उसे अपनी क्षमता पर भरोसा है। तो हम अपने जीवन में शांति को कैसे आमंत्रित करें? इसके लिए जरूरी है कि अपने काम के परिणामों को अनुग्रह के साथ स्वीकार करने के लिए एक दृष्टिकोण विकसित करें। कार्रवाई पर ध्यान दें और परिणामों के लिए खुले रहें। आपकी अधिकांश गतिविधियां दूसरों पर भी निर्भर हैं, इसलिए परिणाम हमारे हाथ में नहीं होता है। आप केवल वही कर सकते हैं जो आपके दायरे में है। अपने दायरे को समझें और अपने हर काम में अपना सर्वश्रेष्ठ दें। परिणाम प्रकृति और इस ब्रह्मांड के हाथों में है। बस अपने काम पर ध्यान दें और उसे करने में मजा लें। कोई काम छोटा-बड़ा नहीं होता, काम तो बस काम होता है। यहां तक कि अपने आसपास के लोगों के साथ आपका जुड़ाव भी सिर्फ एक काम है। आस-पास के लोगों के स्वभाव के अनुसार खुद को अडजस्ट करें। अच्छे कर्म करते रहें, बाकी बातें स्वाभाविक रूप से होने लगेंगी। चाहे हम हारें या जीतें, हमें हर हाल में एक मूल्यवान सबक हासिल होता है।

## दान सिखाता है सांसारिक चीजों का मोह छोड़ना



किसी भूखे को खिलाने के लिए आप अपना बचा हुआ भोजन दे सकते हैं। अपने घरेलू सहायक के बच्चों की फीस भरने में मदद कर सकते हैं। अगर आपको दान के पात्र नहीं मिल पा रहे हैं तो किसी ऐसे फाउंडेशन में जाना सबसे अच्छा है जो समाज में जरूरतमंद लोगों के जीवन को बेहतर बनाने का प्रयास कर रहा है। भगवद्गीता में भगवान कृष्ण



संकलित

प्रेरणा

कहते हैं, 'जब हम दान करते हैं तो हमारे मन में भगवान के दूत के रूप में वंचितों का सहारा बनने की भावना होनी चाहिए। दान हमें सांसारिक चीजों का मोह छोड़ना सिखाता है। विशेष तौर पर धार्मिक स्थल पर आप कुछ दान कररहे हैं तो आप अपने दान को बिलकुल शुद्ध मन से भगवान को समर्पित करें। बदले में कुछ भी उम्मीद किए बिना सिर्फ सद्भावना के साथ जब यह काम संपन्न होता है, तभी दान कहलाता है। कहा गया है, दान या अच्छे कर्म इतने चुपचाप करने चाहिए कि आपके बाएं हाथ को भी पता न चले कि आपका दाहिना हाथ क्या कर रहा है लेकिन आजकल दान देने से पहले ही चर्चा शुरू हो जाती है। दाता के गुणगान होने लगते हैं। जिस काम को अच्छी नीयत से किया जाना है, उसमें व्यक्तिगत लाभ या प्रशंसा का घालमेल क्यों होना चाहिए। हमारे पास जो धन है, उसमें से कुछ जरूरतमंद व्यक्ति को देना समाज और ईश्वर के प्रति हमारा परम कर्तव्य है। हमारे पास हमारी आवश्यकता से ज्यादा जो भी है, हम उसे समाज को वापस दे देते हैं ताकि कोई और अच्छा जीवन जी सके।

## सारा संसार



तांबडी सुरला गोवा के घने जंगलों में स्थित एक विचित्र गांव है. यह जगह अपने प्राचीन ताम्बडी सुरला महादेव मंदिर के लिए जाना जाता है, जो 12वीं शताब्दी का है।

## विश्व बौद्धिक संपदा दिवस

डॉ. रमेश ठाकुर



# ज्ञान की पूंजी सृजित हों

मनुष्य की बौद्धिकता का इस्तेमाल गलत ना हो। गरीब, मजलूम, असहायों के मौलिक अधिकारों की रक्षा हो पाए और उनका किसी भी सूरत में हनन ना हो, बल्कि एक समान सभी को इंसाफ एक ही तराजू में तौलकर परोसा जाए। इसी उद्देश्य से आज पूरे संसार में 'विश्व बौद्धिक संपदा दिवस' मनाया जा रहा है। मौजूदा दौर में अक्सर पावर, पैसा, राजनीतिक प्रभाव के चलते जरूरतमंद लोगों को न्याय नहीं मिल पाता। लोग बड़ी उम्मीदों के साथ कोर्ट-कचहरी, अधिकारियों के चौखट पर जाते हैं, पर अपोजिट व्यक्ति जब प्रभावशाली होता है। तब पीड़ित को लगने लगता है कि अब उसे न्याय नहीं मिलेगा। ऐसी भावना किसी पीड़ित में न जन्मे, इसलिए ऐसे समाज का सर्जन बौद्धिकता से सपन्न उन लोगों को करना होगा जिनकी ओर लोग उम्मीद भरी नजरों से देखते हैं। एक वाजिब उदाहरण है ये भी है कोर्ट में बैठे जज को सबसे बौद्धिक इंसान की सज्ञा दी गई है, लेकिन कई बार वहां से फरियादी निराश लौटते हैं। हताश पीड़ित तब अपना अनुभव बताते हैं कि कैसे अदालत में उनके सच को झूठ में बदला गया, वह भी सरेआम न्यायाधीश की मौजूदगी में? ऐसे में गरीबों की उम्मीदें क्षीण होती हैं। अब वक्त बदल चुका है। अधिकारों के प्रति जागरूक नहीं होने के चलते आज डिजिटल युग में फ्रॉड बहुत ज्यादा बढ़ गया। वक्त कठिन है, इससे हमें बचना होगा। बचने का मात्र एक ही रास्ता है, हम अपने अधिकारों के प्रति चौकन्ने रहें, सतर्क रहें। प्रत्येक इंसान को बौद्धिक रूप से मजबूत होने की आवश्यकता है। आज बौद्धिक संपदा दिवस है जो एक नहीं, बल्कि दो मायनों में बेहद खास है। अव्वल, कॉपीराइट, पेटेंट व ट्रेडमार्क जैसी प्रमुख भूमिकाओं संबंध में आमजनों को जागरूक करना। ये तीन ऐसे धड़े हैं जिनसे सभी का कहीं न कहीं वास्ता पड़ा होगा, या पड़ता रहेगा है। जानकारी नहीं होने पर लोग मूर्ख बनाए जाते हैं। वहीं, दूसरा ये दिवस समूची दुनिया के रचनाकारों और वैश्विक आर्थिक विकास में उनके योगदान को ध्यान में रखकर जश्न मनाया जाता है। मौजूदा वर्ष में बौद्धिक संपदा दिवस-2023 का मकसद कुछ खास इसलिए है, क्योंकि इस दफा इसकी थीम महिलाओं पर केंद्रित रखी गई है। इस बार की थीम है 'महिला एवं आईपीः त्वरित नवाचार और रचनात्मक' है, जो महिलाओं के सम्मान के लिए है और उनको अपने अधिकारों के प्रति जागरूक भी करना। बहरहाल, इंसानों में अपने मूल अधिकारों की जानकारी नहीं होना, सबसे बड़ा दोष माना जाता है, इसके चलते दूसरा पक्ष फायदा उठा जाता है। इस दिवस की महत्ता की जहां तक बात है तो आपको बता दें, ये दिन बौद्धिक संपदा के विभिन्न पहलुओं पर जरूरी रूप से प्रकाश डालता है। जैसे कॉपीराइट हो, कंटेंट का अधिकार और ट्रेडमार्क की रक्षा। इसके अलावा कुछ खास और प्रमुख वजहें ऐसे भी हैं जिन्हें आसानी से समझा जा सकता है। जैसे, विभिन्न क्षेत्रों में रचनाकारों द्वारा किए गए उम्दा कार्यों को देखकर खुशी मनाना, ताकि दूसरे भी प्रेरित हो। इसके अलावा विश्व स्तर पर, जनमानस में उनके मूल अधिकारों के प्रति जागरूक करना बौद्धिक संपदा दिवस का मुख्य मकसद होता है जिसे समझाने के लिए जन अभियान जैसी मुहिम चलेंगी, कार्यक्रम किए जाएंगे, ताकि लोग बौद्धिक संपदा की अवधारणा को बेहतर ढंग से समझ सकें।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### राजनैतिक दलों की धड़कनें

चुनाव सिर पर आते ही राजनीतिक दलों की धड़कने बढ़ने लग गई है। सबको परिणाम का इंतजार रहता है। भाजपा के मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा लिंगायत समय से आते हैं। दक्षिण के कर्नाटक में राजनैतिक उथलपुथल लिंगायत और वोक्कालिगा समाज पर निर्भर करती है। विकास का मुखौटा लगाए कांग्रेस की विचारधारा आधुनिक समाज की सोच से परे है। कर्नाटक में विकास की गाथा लिखने वाली और कानुन व्यवस्था को दुरुस्त करने वाले दलो को हाशिये में धकेलने के लिए पॉलिटिक्स खेली जाती है। लिंगायत समाज के वरिष्ठ और कर्नाटक के चार बार मुख्यमंत्री रहे बीएस येड्डियूरप्पा लिंगायत समाज से है। बीएस येदियुरप्पा का बड़ा जनाधार है। इस बार कर्नाटक में चुनौती है।भारतीय राजनीति के क्षत्रपों की एक नही चलती है। जब कानून व्यवस्था डांवाडोल होती है। *-कांतिलाल मांडोत सूरत*

## ट्रेंड

### कौशल को समान महत्व

एनईपी 2020 की परिकल्पना पीएम के नेतृत्व में की गई है। पीएम मोदी ने शिक्षा और कौशल को समान महत्व दिया है। इसने स्कूली शिक्षा व स्किलिंग, हॉरिजॉन्टल और वर्टिकल मोबिलिटी के एकीकरण का मार्ग प्रशस्त किया है।

**-धर्मेंद्र प्रधान, केंद्रीय मंत्री**



### हर शब्द का महत्व

आपके द्वारा बोला गया हर शब्द, आप जो भी कार्य करते हैं, आपका अस्तित्व- क्या यह सबकी भलाई के लिए है, या यह सिर्फ आपके बारे में है? जीवन की प्रकृति तय करने के लिए बस इस चीज़ को ठीक करें।

**-सदगुरु, आध्यात्मिक गुरु**



# आज का राशिफल

मेष राशि : आज का दिन आपके लिए बेहतर रहने वाला है। आज आपके व्यापार में बढ़ोत्तरी होगी। टारगेट हासिल करने में आपको किसी करीबी की मदद मिलेगी। आप दोस्तों के साथ कहीं घूमने जाएंगे जहां आप कोई मन की बात भी शेयर कर सकते हैं। आपको मानसिक शांति मिलेगी। इस राशि के विवाहितों के लिए आज का दिन बेहतर रहेगा। भविष्य के लिए योजनाएं बनाने के लिए आज का दिन बहुत ही उत्तम है।

वृष राशि : आज का दिन आपके लिए बढ़िया रहने वाला है। आप काम करने के नए तरीकों पर विचार करेंगे। आज आपकी मेहनत का अच्छा फल जल्द ही आपको मिलेगा। अतः आप अपनी मेहनत जारी रखें। आपको कुछ चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है जिसे आप अपने विवेक से सुलझा लेंगे। ऑफिस में आप सबकी मदद के लिये तैयार रहेंगे। आज आप अपनी आर्थिक स्थिति बेहतर करने की सोचेंगे। लवमेट्स के साथ रिश्ते में मजबूत बनी रहेगी। आज किसी काम के लिए की गई कोशिश सफल रहेगी।

मिथुन राशि : आज का दिन आपके लिए मिला-जुला रहने वाला है। आज आपको समाज में मान-सम्मान मिलेगा।आपको गर्व महसूस होगा। आज घरवालों की इच्छाओं को पूरा करने का प्रयास सफल होगा। ऑफिस में आज काम का बोझ अधिक हो सकता है। साथ ही काम पूरा करने में आपको किसी सहकर्मी की मदद भी मिलेगी। आपके करियर में अचानक कुछ बदलाव आयेंगे। आज आपको धन लाभ का अवसर प्राप्त होगा, लेकिन खर्चों को लेकर थोड़ी सावधानी जरूर बरतें।

कर्क राशि : आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहने वाला है। आपको बिजनेस में किये गये काम में सफलता मिलेगी। आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार आएगा। आपकी भौतिक सुख-सुविधाएं बनी रहेगी। आज किसी पुरानी जमीन से आपको धन लाभ होगा। अगर किसी बिजनेस ट्रिप के लिये आप बाहर जा रहे हैं तो घर के बड़े-बुजुर्ग का आशीर्वाद लेकर जाएं तो आपका काम सफल होगा। आज आपके जीवनसाथी को भी तरक्की का कोई अच्छा अवसर मिलेगा।

सिंह राशि : आज का दिन आपके लिए सुनहरा रहने वाला है। आज आपको किसी काम की वजह से अचानक यात्रा करनी पड़ सकती है। आप किसी व्यक्ति को उसके अंदर छिपे हुनर को बताएंगे। आज आपको घर की कुछ नई जिम्मेदारी संभालनी पड़ेगी। आपका कोई मित्र आपको अपने घर पर डिनर के लिए आमंत्रित करेगा, जिससे आपकी दोस्ती पहले से और अधिक मजबूत होगी।

कन्या राशि : आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आप माता के साथ किसी रिश्तेदार के घर जा सकते है जहां आपकी किसी से दोस्ती भी हो सकती है। आज आपको अचानक धन लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। आज आपकी कोई खास इच्छा पूरी होने के योग बन रहे हैं। अगर आप बहुत दिनों से घर का कोई जरूरी काम पूरा करने के बारे में सोच रहे हैं, तो आज वो काम पूरा होगा। इस राशि के छात्रों को अपनी मेहनत का अच्छा परिणाम हासिल होगा।

तुला राशि : आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आप दोस्तों के साथ कहीं घूमने का प्लान बनाएंगे। आज आपका पेपर वर्क पूरा न होने से किसी काम में रुकावट आएगी, लेकिन जल्द ही उसे पूरा करने में सफल होंगे। आप अपने काम को अच्छी दिशा देने के लिए जितना प्रयास करेंगे, आपके लिए उतना ही बेहतर होगा। कार्यालय में अधिकारी वर्ग आपके ऊपर काम को लेकर थोड़ा दबाव बनाएंगे। इस राशि के छात्रों का मन पढ़ाई से थोड़ा भटक सकता है। लवमेट्स आज शॉपिंग करने जा सकते हैं।

वृश्चिक राशि : आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। नौकरीपेशा लोगों को कोई मन मुताबिक प्रोजेक्ट मिलने से प्रसन्नता होगी, आप अपने कामों में व्यस्त रहेंगे। आपके घर का माहौल खुशनुमा रहेगा। आज आप अपने सभी काम मेहनत से करेंगे। आपकी मेहनत रंग लाएगी।

धनु राशि : आज का दिन आपके अनुकूल रहने वाला है। आज आप जिस काम की शुरूआत करेंगे उसे समय से पूरा करने में सफल होंगे। आप किसी की मदद करेंगे इससे आपको सुकून मिलेगा। आज आप अपने कार्यों को जल्दी पूरा करने के लिए पूरी मेहनत करेंगे, जिसमें आप सफल भी होंगे। परिवार के सब लोग आपसे खुश रहेंगे। ऑफिस में भी काम के प्रति माहौल अच्छा रहेगा। आप अपने बिजनेस को आगे बढ़ाने की कोशिश करेंगे।

मकर राशि : आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहने वाला है। इस राशि के छात्र अपनी पढाई में व्यस्त रहेंगे, आपकी मेहनत के अनुसार जल्द ही आपको फल मिलेगा। आज किसी नई योजना को बनाने में आप सफल होंगे। आपकी आर्थिक स्थिति पहले से बेहतर रहेगी। किसी खास काम में आपको माता का सहयोग प्राप्त होगा।

कुंभ राशि : आज का दिन आपके लिए खुशहाल रहने वाला है। आज आप ईश्वर की अराधना में मन लगाएंगे इससे आपको मानसिक शांति मिलेगी। आज आप दोस्तों के लिए मददगार साबित होंगे। ऑफिस में आज आपसे सभी लोग खुश रहेंगे। आज आपकी पदोन्नति पर विचार-विमर्श किया जाएगा।

मीन राशि : आज का दिन आपके लिए उत्साह से भरा रहने वाला है। आज आपकी योजना में पॉजिटिव रिस्पॉन्स मिलने से खुशी बढ़ेगी। आपका स्वास्थ्य बढ़िया रहेगा, अपने आप को रिलैक्स फील करेंगे ।आज अधिकारी वर्ग से आपको पॉजीटिव रिस्पॉन्स प्राप्त होगा। आपको अपने काम में जीवनसाथी का पूरा सहयोग मिलेगा। अगर आप कोई नया रोजगार शुरू करने के बारे में सोच रहे हैं तो आपका जीवनसाथी आपकी आर्थिक रूप से मदद के लिए भी तैयार रहेगा। आज के दिन किसी दूसरे के काम में पड़ने से आपको बचना चाहिए।



# कार्तिकेयन की 'अयलान' दीवाली के मौके पर होगी रिलीज...

**मुंबई।** आर रविकुमार की लिखित और निर्देशित 24एएम स्टूडियो के आरडी राजा की निर्मित और अभिनेता शिवकार्तिकेयन की फैंटेसी एंटरटेनर 'अयलान' ने घोषणा के बाद से ही फैंस को काफी उत्साहित रखा है। अब केजेआर स्टूडियोज के कोटपड़ी जे राजेश ने आधिकारिक तौर पर पुष्टि की है कि फिल्म इस साल दीवाली के मौके पर दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज होगी। केजेआर स्टूडियोज ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि हम यह घोषणा करने के लिए काफी उत्साहित हैं कि हमारा पैशेन प्रोजेक्ट अयलान, तमिल , तेलुगु, हिंदी, कन्नड़ और मलयालम भाषा में दीवाली 2023 को दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज होगा। हमने इस फिल्म में अपना दिल और आत्मा झोंक दी है।

## लाइफ Style

# कृति

## सादगी पर फैन हुए फिदा

एजेंसी ⏵⏵ मुंबई

बॉलीवुड की टॉप अभिनेत्रियों में शुमार कृति सेनन काफी लंबे समय से सोशल मीडिया पर किसी न किसी वजह से चर्चा में बनी हुई हैं। पहले उनकी आगामी फिल्म 'आदिपुरुष' से जुड़े विवाद की वजह से वह चर्चा में आई।

अपने को-स्टार और अभिनेता प्रभास के साथ डेटिंग की अफवाहों की वजह से अभिनेत्री लाइमलाइट में रहीं। अब कृति इकोनॉमी क्लास में यात्रा करने की वजह से सुर्खियों में बनी हुई हैं। अभिनेत्री का इकोनॉमी क्लास में यात्रा करने के कुछ वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आए है, जो काफी ज्यादा वायरल हो रहे हैं। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में कृति सेनन इंडिगो एयरलाइन की इकोनॉमी क्लास में एंट्री करती नजर आ रही हैं। दूसरे वीडियो में अभिनेत्री फ्लाइट में एक बच्चे के साथ खेलती दिखाई दे रही है। दोनों वीडियो के सामने आते ही लोगों ने अभिनेत्री की तारीफ़ करना शुरू कर दिया। फैंस ने अभिनेत्री की सादगी की तारीफ़ करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। वहीं बहुत से यूजर कृति को जमकर ट्रोल करते नजर आ रहे हैं। इतना ही नहीं यूजर्स ने अभिनेत्री के इकोनॉमी क्लास में यात्रा करने पर हैरानी भी जताई है। इसके अलावा कुछ यूजर्स ने कृति की तारीफ़ करने वाले लोगों को लताड़ लगाते हुए लिखा कि वह इकोनॉमी क्लास में इसलिए ट्रेवल कर रही है क्योंकि इंडिगो में बिजनेस क्लास नहीं होती है। कृति सेनन इंदौर में एक इवेंट अटेंड करने जा रही थी।




## हॉलीवुड मसाला




# बदल दी एमसीयू की दुनिया

**लॉस एंजेलिस।** मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स (एमसीयू) की नए दौर कहानियों ने यह साबित कर दिया है कि बुराई के खिलाफ लड़ते के लिए महिलाएं भी उतनी ही शक्तिशाली और महत्वपूर्ण हो सकती हैं जितने कि पुरुष। मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स की वांडा मैक्सिमॉफ को द स्कार्लेट विच के नाम से भी जाना जाता है। युद्धग्रस्त सोकोविया में रहने के दौरान नियो-नाजी संगठन हाइड्रा एक विचित्र प्रयोग के अधीन था। इसके प्रयोग ने टेलिकाइनेसिस और मन पर नियंत्रण की उसकी शक्तियों को अनलॉक कर दिया।



# 'डीएनए वर्ल्ड टूर' पर भारत में परफॉर्म करेगा बैकस्ट्रीट बॉयज

**वाशिंगटन।** दुनियाभर को अपने 'पॉप म्यूजिक' की धुन पर नचाने वाले बैकस्ट्रीट बॉयज भारत में अपना जलवा दिखाते नजर आएंगे। जी हैं, अब तक के सबसे ज्यादा बिकने वाले बैंड्स में से एक, 'बैकस्ट्रीट बॉयज' ने हाल ही में अपने 'डीएनएन वर्ल्ड टूर' की घोषणा की है। इसी वर्ल्ड टूर में यह बैंड मई 2023 में भारत का दौरा भी करेगा। इस खबर ने बैकस्ट्रीट बॉयज के सभी फैंस को उत्साहित कर दिया है। बुक माय शो लाइव नेशन के साथ दो शहरों के दौरे पर बहुचर्चित बैकस्ट्रीट बॉयज बैंड को देश में वापस ला रहा है। बैंड 4 मई को जियो वर्ल्ड गार्डन, मुंबई और 5 मई, 2023 को जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम, नई दिल्ली में परफॉर्मेंस देगा। दुनियाभर में अरबों लोगों का दिल जीतने वाला मशहूर बैकस्ट्रीट बॉयज बैंड 13 साल बाद भारत लौट रहा है।



# पिता के घर जाने की मिली इजाजत...

**मुंबई।** मशहूर पॉप सिंगर श्वेता शेट्टी को बॉम्बे हाईकोर्ट ने उनके पिता महलाबा रंपा शेट्टी के घर जाने की अनुमति दे दी है। साल 2015 में जर्मनी से लौटने के बाद श्वेता मुंबई अपने माता-पिता के घर में शिफ्ट हो गई थीं। मां के निधन के बाद उनके पिता घर में अकेले रह रहे थे और उनकी देखभाल के लिए श्वेता ने दो नौकरानियों को काम पर रखा था। कुछ दिन साथ रहने के बाद श्वेता के पिता ने अपने साथ बुरा बर्ताव और संपत्ति में हिस्सा मांगने के आरोप में श्वेता के खिलाफ मुंबई के एक पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई थी, जिसके बाद वेलफेयर ट्रिब्यूनल और मुंबई के डिप्टी कलेक्टर ने श्वेता शेट्टी को अपने पिता का घर खाली करने का आदेश दिया। श्वेता ने बॉम्बे हाई कोर्ट में एक याचिका दायर की और वेलफेयर ट्रिब्यूनल और मुंबई के डिप्टी कलेक्टर के आदेश को चुनौती दी थी।



# क्यों नहीं मिल रहा था काम, बताई वजह

**मुंबई।** अपूर्व अग्निहोत्री टीवी की दुनिया का बड़ा नाम रहे हैं। उन्होंने कई बॉलीवुड फिल्मों में भी अपने अभिनय की छाप छोड़ी है। अपूर्व फिल्म 'परदेस' में शाहरुख खान के साथ काम कर चुके हैं। हालांकि, इसके बावजूद भी उन्हें फिल्मों के कोई खास ऑफर नहीं आए। हाल ही में अपूर्व ने इस बारे में अपनी चुप्पी तोड़ी है। हाल ही में अपूर्व ने शाहरुख खान के साथ काम करने का अपना अनुभव साझा किया। बातचीत के दौरान अपूर्व ने शाहरुख खान की खूब तारीफ की और कहा कि फिल्म के दौरान किंग खान ने उनकी खूब मदद की। अपूर्व ने कहा, 'शाहरुख खान हमेशा 15-20 लोगों से घिरे रहते थे, लेकिन इसके बावजूद वह काफी विनम्र रहते।' अपूर्व ने शाहरुख खान से पहली मुलाकात का भी जिक्र किया।

## टीवी मसाला

# टेनिस के बाद अब एक्टिंग में हाथ आजमाने को तैयार

**मुंबई।** सानिया मिर्जा स्पोर्ट्स जगत का जाना माना नाम हैं। सानिया को लोगों ने अक्सर टेनिस कोर्ट में ही देखा होगा। उनके गेम ने हमेशा भारत का नाम गर्व से ऊंचा किया है। अब सानिया ने रिटायरमेंट ले ली है और अपने बच्चे की देखभाल पर पूरा फोकस कर रही हैं। इसी बीच यह खबर आ रही है कि सानिया जल्द ही एक्टिंग में भी हाथ आजमाएंगी। छोटे पर्दे की जानी मानी प्रोड्यूसर एकता कपूर अपने डेली सोप को लेकर अक्सर चर्चा में रहती हैं। इस समय एकता अपने सीरियल 'बेकाबू' का जोरों-शोरों से प्रमोशन करने में लगी हुई हैं। इस शो के जरिए शालीन भनोट भी काफी दिनों के बाद छोटे पर्दे पर वापसी करने को तैयार बैठे हैं। एकता कपूर का यह शो कुछ समय पहले ही लॉन्च हुआ है। शालीन के अलावा इस शो में ईशा सिंह भी साथ नजर आएंगी। अब जो बड़ी खबर आ रही है वह यह है कि रिपोर्ट्स के मुताबिक सानिया भी जल्द ही इस शो का हिस्सा बनने जा रही हैं और जल्द ही शो की शूटिंग भी शुरू करेंगी।



# 'द कपिल शर्मा शो' में सपना दीदी बनकर जल्द लौटेंगे कृष्णा

**मुंबई।** छोटे पर्दे का सबसे चर्चित और चहेता 'द कपिल शर्मा शो' बीते कुछ दिनों से सुर्खियों में बना हुआ है। कुछ दिनों पहले कपिल शर्मा के इस शो को लेकर रिपोर्ट आई कि यह जून के महीने में कुछ समय के लिए बंद होने जा रहा है। हालांकि, कॉमेडियन ने खुद इस अफवाह पर साफ किया कि अभी इसे लेकर कुछ भी फाइनल नहीं है। वहीं, इसका हिस्सा रहे कृष्णा अभिषेक भी बीते लंबे समय से हेडलाइंस का हिस्सा बन रहे हैं। हर किसी की नजरें इस पर टिकी हुई हैं कि क्या कृष्णा शो से वापस जुड़ेंगे या नहीं। इसी असमंजस को दूर करते हुए खुद कृष्णा ने बड़ा बयान दे दिया है, जिसे जानकर उनके फैंस फूले नहीं समा रहे हैं। पिछले साल के सितंबर महीने में कृष्णा अभिषेक ने 'द कपिल शर्मा शो' को अलविदा कह दिया, जिसने कॉमेडियन-एक्टर के फैंस का दिल तोड़ दिया। हालांकि, अब खुद कृष्णा ने फैंस को खुशखबरी सुनाई है। कॉमेडियन वापस से सपना दीदी बनकर शो में लौटने को तैयार हैं।



# फिल्म 'हेरा फेरी-3' पर मंडरा रहा संकट

**मुंबई।** अक्षय कुमार की कॉमेडी फिल्म हेरा फेरी 3 इन दिनों खूब चर्चा में है। इस फिल्म को लेकर एक के बाद एक नए अपडेट सामने आ रहे हैं। कभी फिल्म के निर्देशक पर सवाल उठ रहा है तो कभी ये कहा गया कि इस फिल्म में अक्षय कुमार नजर नहीं आएंगे। अब इस फिल्म को लेकर फिर से लेटेस्ट अपडेट आया है। हेरा फेरी 3 के मेकिंग राइट्स को लेकर नया विवाद खड़ा हो गया है। इरोस इंटरनेशनल ने हेरा फेरी 3 के खिलाफ ट्रेड मैगजीन में एक लीगल नोटिस जारी किया है। इरोस इंटरनेशनल ने फिल्म के निर्माताओं को एक कानूनी नोटिस दिया है। इस नोटिस में दावा किया गया है कि फिल्म के सारे राइट्स इरोस इंटरनेशनल के पास हैं। हालांकि इसके पहले भी हेरा फेरी 3 को लेकर बवाल छिड़ा था। तब टी-सीरीज की ओर से फिल्म को नोटिस जारी किया गया था। इरोज इंटरनेशनल की ओर से जारी नोटिस में कहा गया है कि नाडियाडवाला ग्रुप पर इरोस का 60 करोड़ रुपए बकाया है। साथ ही यह भी कहा गया है कि जब तक इसका सारा भुगतान नहीं किया जाएगा तब तक फिल्म के राइट्स इरोज इंटरनेशनल के पास ही रहेंगे। नोटिस में यह भी कहा गया है कि नाडियाडवाला इरोस की सहमति के बिना किसी भी तीसरे पक्ष को अधिकार नहीं बेचने पर राजी हुए थे। हेरा फेरी 3 के अधिकारों को लेकर कानूनी विवाद की स्थिति बढ़ती जा रही है।



# ये बड़े सितारे हैं अंधविश्वासी, टोना-टोटके और ज्योतिष पर करते हैं भरोसा

**मुंबई।** जीवन में अक्सर लोगों के अंदर किसी न किसी चीज को लेकर डर होता है और कई बार हम उस डर से निजात पाने के लिए कई तरह की चीजों को करते हैं। यहां तक की इस मॉर्डन समय में भी आज भी लोग राशि, अंधविश्वास, टोने टोटके जैसी चीजों पर भरोसा करते हैं। बॉलीवुड में भी कई ऐसे सितारे हैं, जो कुछ ऐसी चीजें करते हैं, जिससे वह अपने अंदर का डर खत्म कर सके। साथ ही उन्हें उस नकारात्मक एनर्जी से भी निजात मिल सके। आइये जानते हैं, बॉलीवुड के उन कलाकारों के बारे में जो कई बार टोटके का सहारा लेते हैं।



**रणवीर सिंह :** रणवीर सिंह बॉलीवुड के जाने माने कलाकार हैं। वह अक्सर ही सुर्खियों में बने रहते हैं। साथ ही वह अपने फैशन सेंस को लेकर भी खबरों में छाए रहे थे। वहीं, एक रिपोर्ट के अनुसार रणवीर सिंह अक्सर बीमार हो जाया करते थे, जिसके कारण उनकी मां ने टखने पर एक काला धागा बांधा था। उस धागे को रणवीर ने आज भी बांध कर रखा है। एक्टर का मानना है कि इस धागे के कारण उनका स्वास्थ्य ठीक रहता है।

**कैटरीना कैफ :** कैटरीना कैफ बॉलीवुड की हॉट और खूबसूरत एक्ट्रेस में से एक हैं। कटरीना कैफ अपनी हर फिल्म के रिलीज से पहले अजमेर ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती की दरगाह पर जाती हैं। जहां पर पहुंच कर वह अपनी फिल्म की सफलता की दुआ करती हैं। वहीं, हम देख सकते हैं कि कटरीना कैफ ने अभी तक बॉलीवुड में सबसे ज्यादा हिट फिल्में दी हैं। कटरनी के नाम 14 हिट फिल्में हैं।

**अमिताभ बच्चन :** अमिताभ बच्चन बॉलीवुड के दिग्गज कलाकार हैं। वह आज भी लाखों दिलों पर राज करते हैं। इस उम्र में भी वह बेहतरीन फिल्मों में काम कर रहे हैं। अमिताभ बच्चन का नाम भी इस लिस्ट में शामिल हैं। दरअसल बिग बी को क्रिकेट बहुत पसंद है, लेकिन वह कभी भी भारत का मैच नहीं देखते हैं। उनका मानना है कि अगर वह टीवी के सामने बैठकर मैच देखते हैं, तो इंडिया के विकेट गिरने लगते हैं। इसलिए वह कभी भी लाइव क्रिकेट मैच नहीं देखते हैं।

**शाहरुख खान :** बॉलीवुड के किंग खान शाहरुख खान किसी भी पहचान के मोहताज नहीं है। शाहरुख की हाल ही में रिलीज फिल्म पठान बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट रही थी। हालांकि क्या आप जानते हैं कि शाहरुख खान ज्योतिष जैसी चीजों पर काफी भरोसा करते हैं। शाहरुख खान ने अपनी सभी गाड़ियों का नंबर 555 रखा है। साथ ही खबरों के मुताबिक उन्होंने अपनी आईपीएल की टीम कोलकाता नाइट राइडर्स की लगातार हार के चलते,टीम की जर्सी के रंग को बदल दिया था।

## मुंहमांगी कीमत पर गाया था 'मुगले आजम' फिल्म में

# सुरों के जादूगर थे बड़े गुलाम अली, दुनिया मानती थी उन्हें 20वीं सदी का 'तानसेन'

### आज पुण्यतिथि

*भारतीय गीत-संगीत की दुनिया के बड़े नाम उस्ताद बड़े गुलाम अली खान को सुरों का जादूगर कहा जाता था। उनकी यह उनके सुरों का जादू था कि उन्हें आधुनिक दौर का तानसेन कहा जाता था। उस्ताद बड़े गुलाम अली खां के मुरीद ना सिर्फ हिंदुस्तान और पाकिस्तान बल्कि दुनिया के कोने-कोने में थे। उस्ताद बड़े गुलाम अली खां अपने समय के सर्वाधिक प्रतिभाशाली गायकों में से एक थे। उनका जीवन भी अच्छे और बुरे अनुभवों से भरा हुआ था लेकिन कभी भी उन्होंने जीवन के इस उतार-चढ़ाव के दौरान संगीत के अपने शौक को मरने नहीं दिया।*

**नई दिल्ली।** उस्ताद बड़े गुलाम अली खां का जन्म पाकिस्तानी पंजाब के मशहूर शहर लाहौर के पास स्थित गांव कसूर में 2 अप्रैल, 1902 को हुआ था। उनको संगीत विरासत में मिला था। उनके पिता अली बख्श खां प्रसिद्ध सारंगी वादक और गायक थे। उन्होंने संगीत का औपचारिक प्रशिक्षण अपने चाचा काले खां से लिया जो प्रसिद्ध गायक और संगीतज्ञ थे। वह रोजाना करीब 20 घंटे तक अभ्यास करते थे और लाहौर, मुंबई, कोलकाता एवं हैदराबाद आना-जाना लगा रहता था। 1947 में जब भारत का बंटवारा हुआ तो उस्ताद बड़े गुलाम अली खां लाहौर चले गए। उसके बाद वह भारत वापस आ गए और यहीं बस गए। 1957 में उनको भारत की नागरिकता मिल गई। 25 अप्रैल, 1968 को उनका निधन हुआ था।

उस्ताद बड़े गुलाम अली खान ने ठुमरी की नई शैली का ईजाद किया। उन्होंने असंख्य खयाल और ठुमरी गाए जिनमें से कुछ जैसे 'याद पिया की आए', 'कटे न विरह की रात', 'तिरछी नजरिया के बाण', 'आए न बालम' और 'क्या करूं सजनी' आज भी संगीत प्रेमियों की जुबान पर होते हैं। शुरू में उन्होंने फिल्मों में गाने से मना कर दिया था। लेकिन वह 'मुगल-ए-आजम' जैसी फिल्म में अपनी आवाज देने को तैयार हो गए थे। इसकी वजह यह थी कि संगीतकार नौशाद जब उनके पास प्रस्ताव लेकर आए तो उन्होंने इनकार कर दिया लेकिन निर्देशक के. आसिफ अपनी जिद पर अड़ गए। उस दौर में लता मंगेशकर और मोहम्मद रफी जैसे कलाकार 500-600 रुपए लेते थे, वहां उस्ताद बड़े गुलाम अली खां ने 25 हजार की मांग कर दी और के. आसिफ ने चुटकी से अपनी सिगरेट का गुल झड़ाते हुए तुरंत हामी भी भर दी। उनकी आवाज को इस फिल्म में तानसेन की आवाज के लिए इस्तेमाल किया गया। उन्होंने ठुमरी में पंजाबी का टच दिया और मौजूदा समय में यह शैली 'ठुमरी का पंजाबंग' के नाम से लोकप्रिय है। जब उन्होंने 'खयाल' की नई शैली का ईजाद किया तो इसके परंपरागत फ्लेवर को जिंदा रखा। उनका गाने का तरीका बहुत साधारण और लयदार होता था।उस्ताद बड़े गुलाम अली खां का विवाह 1932 में अली जिवाई से हुई। 1930 में उनके बेटे मुनव्वर अली का जन्म हुआ। वह भी महान शास्त्रीय गायक थे। वह 1968 में अपने पिता के निधन के समय तक हर कॉन्सर्ट में उनके साथ जाते थे।उस्ताद बड़े गुलाम अली आखिरी दिनों में वह बुरी तरह से बीमार पड़ गए थे। उन पर लकवे का हमला हो गया था। इसके बावजूद भी वह अपने बेटे मुनव्वर अली खां की मदद से गाते रहे। 1962 में उनको संगीत नाटक अकादमी अवॉर्ड मिला और 1962 में पद्म भूषण से सम्मानित किया गया।



## संक्षेप

### युवक को पीट-पीटकर किया मरणासन्न

संवाददाता

**बिजनौर, लखनऊ।** लखनऊ जनपद के बिजनौर थाना क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम रायसिंह खेड़ा मजरा माती का है, ग्राम के ही निवासी दीपक पुत्र राम अवतार को राय सिंह खेड़ा ग्राम निवासी सुरेंद्र, संदीप और संतोष ने पीट पीट कर लहूलुहान कर दिया घायल युवक की हालत गंभीर है, घायल दीपक की मां वादी रामकली ने बिजनौर थाना में मुकदमा दर्ज करा दिया है, पुलिस अभियुक्तों को खोज रही है।

### प्रचार के दौरान बिना अनुमति के सपा पूर्व विधायक के पास मिला असलहा

**एफएसटी टीम ने असलहा मोहनलालगज थाने पर जमा कराया**

मोहनलालगंज ।जहां एक ओर आम असलहा लाइसेंसी धारकों के असलहा नगर पंचायत चुनाव के मद्देनजर जमा कराए जा रहे है ।वही सपा के पूर्व विधायक असलहा लेकर प्रचार करते हुए घूमते पकड़े गए ।बाद में पूर्व विधायक के लाइसेंस दिखाने पर असलहा मोहनलालगज थाने पर जमा कराया गया ।मोहनलालगज के सपा पूर्व विधायक अम्ब्रिश पुष्कर बुधवार को अपने समर्थकों के साथ मोहनलालगज के मऊ गांव में प्रचार कर रहे थे ।इस दौरान एफएसटी टीम मऊ गांव में पहुचकर जांच पड़ताल शुरू की इस दौरान पूर्व विधायक के पास असलहा बरामद हुआ ।इस पर टीम पूर्व विधायक को थाने लेकर आई यहां पर विधायक ने लाइसेंस दिखाया लेकिन चुनाव के दौरान लाइसेंस रखने का परमिशन नही दिखा पाए जिसके बाद टीम ने असलहा मोहनलालगज थाने पर जमाकर दिया ।और हिदायत देकर थाने से विधायक को जाने की अनुमति दी ।इंस्पेक्टर मोहनलालगज कुलदीप दुबे के मुताबिक देर शाम एफएसटी टीम ने पूर्व विधायक को असलहा के साथ पकड़ा और असलहा थाने पर जमा करवाया।

# कम्युनिटी चैंपियन नामित करने में तेजी लाएगी यूपी स्टेट एड्स कंट्रोल सोसायटी

**स्टेट कम्यूनिटी रिसोर्स ग्रुप की बैठक में डॉ. हीरा लाल ने दिए निर्देश**

**कार्यक्रम के बारे में जागरूकता बढ़ाने पर भी दिया जाए खास ध्यान**

संवाददाता

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश स्टेट एड्स कंट्रोल सोसायटी के अपर परियोजना निदेशक डॉ. हीरा लाल की अध्यक्षता में बुधवार को स्टेट कमेटी रिसोर्स ग्रुप की दूसरी बैठक वर्चुअल माध्यम से हुई।

इस मौके पर डॉ. हीरा लाल ने कम्युनिटी सिस्टम स्ट्रेन्थनिंग कार्यक्रम को प्रभावी बनाने के लिए हर जनपद से जल्दी से जल्दी अधिक से अधिक आवेदन मंगाने तथा उनमें से योग्य आवेदनकताओं को कम्युनिटी चैम्पियन के रूप में नामित करने के निर्देश दिए।उन्होंने दोहराया कि यह प्रक्रिया जल्द से जल्द पूर्ण कर ली जाए।इससे पहले भी डॉ. हीरा लाल ने इस कार्यक्रम के बारे में सभी संबंधित अधिकारियों के साथ 14 मार्च को बैठक की थी। बैठक में दिए गए निर्देशों पर की गयी कार्यवाही और आगे की कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा हुई।

बैठक की औपचारिक शुरूआत रमेश चन्द्र श्रीवास्तव, संयुक्त निदेशक, टी.आई ने की।उन्होंने स्टेट कमेटी रिसोर्स ग्रुप के उद्देश्यों पर चर्चा की । उन्होंने कम्युनिटी सिस्टम स्ट्रेंथिंग गतिविधियों के क्रियान्वयन के संबंध में अवगत कराया।उन्होंने बताया कि प्रत्येक जनपद स्तर पर विभिन्न उच्च जोखिम समूहों जैसे- सुई से नशा लेने वाले लोगों, ट्रांसजेंडर, एमएसएम, महिला यौन कर्मी, एचआईवी संक्रमित तथा युवा वर्ग से दो व्यक्ति कम्युनिटी चैम्पियन के रूप में नामित किये जायेंगे । चिन्हित समुदाय चैम्पियन (स्वयंसेवी) को नाको, भारत सरकार द्वारा नामित संस्था के माध्यम से प्रशिक्षण दिया जायेगा। इसके अलावा उन्होंने बताया कि पार्टनर एजेंसी द्वारा अभी तक कुल छह क्लस्टर में कम्यूनिटी चैंपियंस नामित किए जाने के लिए आवेदन प्राप्त कर लिए गए हैं, शेष में भी तेजी से काम किया जा रहा हैं।

अपर परियोजना निदेशक ने निर्देश दिया कि जिन क्लस्टर में आवेदन पूर्ण कर लिए गए हैं, वहां ट्रेनिंग शुरू की जाये।इनमें नाको भारत सरकार द्वारा बनाए गए तीन दिवसीय प्रतिक्षण मॉड्यूल पर ट्रेनिंग करायी जाए, लेकिन आगे अन्य क्लस्टर में आवेदन की संख्या और बढ़ायी जाए ।स्टेट कोर कमेटी में खाली हुए एक सदस्य- यूथ ग्रुप से किसी व्यक्ति को भी सदस्य के रूप में जल्द नामित किया जाए।

बैठक मे रमेश चंद्र श्रीवास्तव ने पार्टनर एजेन्सी को सुझाव दिया कि जिन जनपदों में कम्यूनिटी चैंपियंस के आवेदन पूर्ण हो गए हैं और उनकी ट्रेनिंग होनी है वहां यह भी सुनिश्चित किया जाये कि जो भी कम्यूनिटी चैंपियंस नामित हों, वह भविष्य में भी जुड़े रहें। नामित कम्यूनिटी चैंपियंस को लगातार प्रोत्साहन देते हुए प्रेरित किया जाये। इसके साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाये कि किसी चैंपियंस द्वारा प्रोग्राम छोड़ा जाता है, तो भविष्य में किसे उनके स्थान पर नामित किया जा सकता है। ताकि कार्यक्रम पर कोई प्रतिकूल प्रभाव न पड़े।

बैठक के अंत में स्टेट कोर कमेटी की उपाध्यक्ष एकता ने सभी को धन्यवाद देते हुए अग्रिम कार्यवाही सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया। बैठक में नरेश चन्द्र यादव-अध्यक्ष यू.पी.एन.पी. प्लस, अजय साहनी-अध्यक्ष उप्र ड्रग यूजर फोरम, आरिफ जफर-अध्यक्ष नाज फाउंडेशन, इमरान खान-एमएसएम नेटवर्क उत्तर प्रदेश, संजय कुमार-पी.एल.एच.आई.वी., यू.पी.एन.पी. प्लस, जितेन्द्र कुमार- एम.ई.ए. वाई.आर.जी केयर, विरेन्द्र राज (एकता), गोरखपुर एकता सेवा संस्थान, जेरी- कार्यक्रम अधिकारी, सीएसएस और दिनेश कुमार यादव- लिंकेज को-आर्डिनेटर, यूपीएनपी प्लस, डॉ अभिषेक सिंह आदि ने भाग लिया।

## क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने के लिए कॉल किया और अकाउंट से निकाल लिया 70 हजार

संवाददाता



**लखनऊ** सरोजनी नगर बिजनौर क्षेत्र की रहने वाली महिला से क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने के नाम पर जालसाजों द्वारा अकाउंट से 70 हजार रुपए की राशि महिला के खाते से निकाल लेने का मामला सामने आया है पीड़ित के मुताबिक सरोजनी नगर बिजनौर थाना क्षेत्र के न्यू गुडौरा रहने वाली अभिलाषा ने बताया कि निजी बैंक का क्रेडिट कार्ड उपयोग करती हूं ।20 अप्रैल को करीब 11 बजे दिन में उनके पास अनजान नंबर से कॉल आया। फोन करने वाले ने व्यक्ति ने खुद को क्रेडिट कार्ड कंपनी का अधिकारी बताया और पीड़ित अभिलाषा को क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने की जानकारी दी साथ ही एक लिंक भेजा और जानकारी देते देते अभिलाषा के मोबाइल पर अचानक ओटीपी आने लगे और अभिलाषा के खाते से 70 हजार की धन राशि खाते से कट गए रकम कटते ही जालसाज फौरन फोन काट दिया इसी दौरान पीड़ित अभिलाषा ने अपना क्रेडिट कार्ड बंद कराया और बिजनौर थाने में जालसाजो के खिलाफ शिकायती पत्र देकर रिपोर्ट दर्ज कर कराया है रिपोर्ट दर्ज करके बिजनौर पुलिस साइबर सेल के सहयोग से जालसाज का पता लगा रही है।

# हाईटेंशन लाइन के खम्भे पर चढे सविंदाकर्मी की करंट लगने से मौत

संवाददाता

**लखनऊ।** मोहनलालगंज के कलंदरखेड़ा गांव में चचेरे भाई के बुलाने पर बुधवार को हाईटेंशन लाइन के खम्भे पर चढकर बिजली ठीक कर रहे सविंदाकर्मी की मौत हो गयी। आनन-फानन परिजन संविदाकर्मी को सीएचसी लेकर सीएचसी पहुंचे जहां इमरजेंसी में मौजूद डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया ।इस दौरान मौके पर मौजूद परिजन आक्रोशित हो गये ओर डाक्टर पर इलाज में लापरवाही का आरोप लगाकर हगांमा करने के साथ ही नोकझोक भी की ।परिजन मृतक संविदाकर्मी के शव को बिना पीएम कराये घर लेकर चले गये ।इस दौरान पुलिस ने समझाने का प्रयास भी किया लेकिन परिजन पोस्टमार्टम कराने को नही राजी हुये।

पुलिस के मुताबिक मोहनलालगंज के दौलतखेड़ा गांव की आपूर्ति बुद्धवार को हाईटेंशन लाइन में खराबी के चलते बाधित हो गयी थी,जिसे ठीक करने के लिये सविंदाकर्मी देवा निवासी दौलतखेड़ा मजरा कनकहा अपने चचेरे भाई गौरव(22वर्ष) जो नादरगंज पावर हाउस में संविदाकर्मी था ओर दो दिन की छुट्टी पर गांव आया था उसे साथ लेकर कलदंरखेड़ा गांव की बांसकोठी के पास गया,जहां हाईटेंशन लाइन के खम्भे पर चढकर गौरव टूटा जम्फर ठीक करने लगा,इस दौरान अचानक शुरू हुयी सप्लाई के चलते उसे करंट लग गया ओर वो बुरी तरह से झुलसने के साथ खम्भे से नीचे गिर गया ।जिसे आनन फानन चचेरा भाई देवा परिजनो की मदद से मरणासन्न हालत में कार से लेकर मोहनलालगंज सीएचसी पहुंचा, जहां इमरजेंसी में मौजूद डाक्टर ने गौरव को मृत घोषित कर दिया ।सूचना के बाद मौके पर मौजूद परिजन व ग्रामीण डाक्टर पर इलाज में लापरवाही का आरोप लगाकर हगांमा करने लगे,इस दौरान मौके पर आक्रोशित परिजनो को समझाने पहुंचे अधीक्षक से परिजनो की नोकझोक भी हुयी ।डाक्टर की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने परिजनो को समझाकर मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिये भेजने की बात कही तो वो भड़क गये ओर मृतक के शव को आनन-फानन कार में रखकर एक निजी अस्पताल लेकर गये,जहां मौजूद डाक्टर ने भी सविंदाकर्मी गौरव की मौत होने की बात कही ।इंस्पेक्टर कुलदीप दूबे ने पुलिस फोर्स संग निजी अस्पताल पहुंचकर आक्रोशित परिजनो को समझाने का प्रयास किया लेकिन वो मृतक का पोस्टमार्टम कराने को तैयार नही हुये,जिसके बाद पुलिस ने लिखापढी कराकर शव परिजनो के सुपुर्द कर दिया ।जिसके बाद वो अन्तिम संस्कार के लिये शव लेकर घर चले गये ।मृतक गौरव का नवम्बर 2022 में नगराम के रामपुर गांव की रेनू से शादी हुयी थी,पति की मौत की खबर पत्नी रेनू को लगी तो बिलख पड़ी ओर शव घर पहुंचने पर लिपटकर रोने लगी।

# भाजपा,सपा,बसपा समेत निर्दलीय प्रत्याशियों ने डोर टू डोर जनसम्पर्क कर मांगे वोट

संवाददाता

**निर्दलीय प्रत्याशी राजेश कुमार रावत व उनके समर्थक व्यापार मंडल अध्यक्ष अजय पांडे को जनसम्पर्क के दौरान मिला महिलाओ का दुलार, फूल माला पहनाकर उतारी आरती**



**लखनऊ।** मोहनलालगंज पंचायत चुनाव में अध्यक्ष व सभासद पदो पर जीत के लिये सपा,भाजपा,बसपा समेत निर्दलीय प्रत्याशी कोई कसर नही छोड़ रहे है,सोशल मीडिया पर जहा एक ओर प्रचार प्रसार तेज हो गया है तो वही डोर टू डोर जनसम्पर्क कर मतदाताओ को रिझाने में सभी प्रत्याशी जुटे है ।बुधवार को नगर पंचायत अध्यक्ष पद के भाजपा प्रत्याशी रामलाल वर्मा ने जिलाध्यक्ष श्री कृष्ण लोधी,ब्लाक प्रमुख ओम प्रकाश शुक्ला, भाजपा जिला संयोजक अशोक तिवारी,मंडल अध्यक्ष सुधांशु सिहं समेत कार्यकर्ताओ के साथ मोहनलालगंज कस्बा समेत मऊ गांव पहुंचकर डोर टू डोर जनसम्पर्क कर मतदाताओ को भाजपा सरकार की उपलब्धियों को बताकर अपने लिये वोट मांगे,वही सोशल मीडिया पर भी जीत के लिये अपील डालकर जनसमर्थन जुटाने की अपील की ।सपा प्रत्याशी विजय लक्ष्मी ने अपने पति सपा के पूर्व विधायक अमरीश पुष्कर समेत सपा नेताओ व कार्यकर्ताओ के साथ मऊ गांव में डोर टू डोर जनसम्पर्क कर वोट मांगे ।बसपा प्रत्याशी रामसरन ने भी पदाधिकारियो व कार्यकर्ताओ संग कई गांवो में जनसम्पर्क कर मतदाताओ से वोट मांगे ।नगर पंचायत अध्यक्ष पद के निर्दलीय प्रत्याशी राजेश कुमार रावत ने व्यापार मंडल अध्यक्ष अजय पांडे उर्फ सत्यम समेत दर्जनो समर्थको के संग अतरौली,भोलाखेड़ा समेत कई गांवो में डोर टू डोर जनसम्पर्क कर जितने पर क्षेत्र में विकास कराये जाने की बात कहते हुये मतदाताओ से अपने लिये वोट मांगे ।जन सम्पर्क के दौरान व्यापार मंडल अध्यक्ष अजय पांडे व उनके प्रत्याशी राजेश कुमार रावत को महिलाओ जमकर स्नेह व दुलार मिला,इस दौरान महिलाओ ने फूल-माला पहनाकर,आरती उतारकर मिठाई खिलाकर जीत का आशीर्वाद दिया ।विधायक से लेकर प्रधानी तक का चुनाव लड़ चुके निर्दलीय प्रत्याशी श्रवण कुमार रचित अकेले ही डोर टू डोर जनसम्पर्क कर अपने लिये वोट मांग रहे है।

# विधायक राजेश्वर सिंह के साथ जनसंपर्क में उमड़ा जनसैलाब

**चुनाव प्रचार में विधायक राजेश्वर सिंह के साथ मंत्री दानिश आजाद अंसारी भी दिखे साथ**

संवाददाता

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में नगर निकाय चुनावों को लेकर सभी पार्टियाँ दम-खम से प्रचार प्रसार में जुटी हैं इसी के मद्देनजर भाजपा सभी नगरीय क्षेत्रों में मतदाताओं के सीधे संपर्क संपर्क साध उनसे संवाद कर रही है। सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह भी मेयर तथा पार्षद प्रत्याशियों को पूर्ण बहुमत से जिताने के उद्देश्य से सरोजनीनगर के विभिन्न वार्ड में निरंतर जनसभाएं और जनसंपर्क कर रहे हैं।विधायक राजेश्वर सिंह के साथ क्षेत्रीय जनता और पार्टी कार्यकर्ता भी काफी उत्साहित दिख रही है।आपको बता दें कि सरोजनीनगर से विधायक डॉ राजेश्वर सिंह जनता के बीच काफी लोकप्रिय हैं और व्यक्तिगत स्तर पर भी वह जनता की सेवा करने में पीछे नहीं हटते इसी वजह से क्षेत्रीय जनता का भी उन्हें भरपूर समर्थन और स्नेह प्राप्त होता है। बुधवार को अटल बिहारी वाजपेई वार्ड से पार्षद प्रत्याशी श्रीमती शशिबाला रावत के चुनाव कार्यालय पर चुनाव संचालन समिति बैठक का आयोजन किया गया जहां पर सेक्टर संयोजक, बूथ अध्यक्ष व पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे। सरोजनीनगर विधायक डॉ. राजेश्वर सिंह ने जनसभा को संबोधित किया साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व की सरकारों की जनकल्याणकारी योजनाओं तथा नगर निकायों में किए गए विकास कार्यों का लेखा-जोखा जनता के समक्ष रखा।

विधायक राजेश्वर सिंह ने कहा की भाजपा राष्ट्रप्रथम और अन्त्योदय की विचारधारा के साथ निरंतर कार्य कर रही है।देश की सैन्य क्षमता का सामर्थ्य बताते हुए उन्होंने कहा की आज के दौर में भारत दुश्मन से उसकी सीमा में घुसकर लोहा लेने की ताकत रखता है, और देश के लिए जान की बाजी लगाने में हम पीछे नहीं हटते। अपनी बात आगे बढ़ाते हुए उन्होंने बताया की कैसे भाजपा के शासनकाल में उत्तर प्रदेश माफिया मुक्त प्रदेश बन चुका, जहां दूसरी तरफ पिछली सरकारों के दौरान माफिया चुनाव लड़ते दिखते थे। मत अधिकारों की महत्वता बताते हुए आगे विधायक ने कहा कि क्षेत्र के हर एक व्यक्ति का वोट एक बेहतर सरकार बनाने के लिए महत्वपूर्ण है। हर एक वोट भारतीय जनता पार्टी और इसके नेतृत्व को सशक्त करेगा और परिणामस्वरूप क्षेत्र का हर एक नागरिक लाभान्वित होगा।

विधायक ने यह भी कहा की नगर निगम का चुनाव विकास की पहली सीढ़ी होता है और इसलिए जनता का उचित निर्णय लेना अत्यंत आवश्यक है। भारतीय जनता पार्टी एक ऐसी पार्टी है जो जातिवाद, परिवारवाद और वंशवाद से कोसों दूर है और इसीलिए चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी को चुनाव जिताकर क्षेत्र का निष्पक्ष और समग्र विकास सुनिश्चित किया जा सकता है।

विधायक राजेश्वर सिंह इसके बाद दिन के दूसरे पड़ाव, वार्ड संख्या- 29 खरिका- II से पार्षद प्रत्याशी रजनी अवस्थी के समर्थन में जनसंपर्क करने और विशाल जनसभा को संबोधित करने पहुंचे ।अपने संबोधन की शुरूआत में ही उन्होंने अपने लक्ष्य को जनता के सामने स्पष्ट रखते हुए कहा कि, भाजपा इस वार्ड में पिछले सभी मतदानों को रिकॉर्ड को तोड़ने के लिए तैयार है। लखनऊ की जनता को संबोधित करते हुए उनोने कहा कि लखनऊ उत्तर प्रदेश का सबसे शिक्षित शहर है जहां सबसे ज्यादा हॉस्पिटल्स, यूनिवर्सिटीज, इंजीनियरिंग कॉलेज, डिग्री कॉलेज और स्कूल लखनऊ हैं, वहीं लखनऊ का लिट्रेसी रेट प्रदेश में सबसे ज्यादा है. इसलिए यहाँ के लोगों की विचार शक्ती आधुनिक और विकसित है. वो सर्व्श्रेस्थ नेतृत्व को पहचानते हैं ।भाजपा ने 500 वर्षों से चले आ रहे विवाद को समाप्त करते हुए राम मंदिर का निर्माण करवा रही है, प्रदेश में जातिवाद की राजनीति समाप्त हुई, डिजिटल लिटरेसी और सुरक्षा के प्रति कड़े कदम उठाए गए।आगे विधायक ने सरोजनीनगर में हो रहे विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए स्कूलों में झूलों का निर्माण, स्डिकूलों को गोद लेकर उनका कायाकल्प, डिजिटल लाइब्रेरी की स्थापना और राम रथ यात्रा, सिलाई सेंटरों की स्थापना समेत कई महत्वपूर्ण विकास बिन्दुओं का जिक्र किया। इसके बाद विधायक का यह काफिला खरिका प्रथम वार्ड पहुंचा, जहां पार्षद प्रत्याशी के एन सिंह के समर्थन में विधायक राजेश्वर सिंह ने जनसमूह को संबोधित किया। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश विधान परिषद् के सदस्य एवं अल्पसंख्यक विकास कल्याण मंत्री दानिश आजाद अंसारी भी मौजूद रहे। जनता को संबोधित करते हुए उन्होंने भाजपा के सिद्धांत सबका साथ सबका विकास का जिक्र किया और बताया की कैसे अपनी विभिन्न नीतियों के जरिये भाजपा समाज के हर वर्ग को साथ लेकर चलती है। सरोजनीनगर में शिक्षा को लेकर हो रहे विकास की चर्चा करते हुए उन्होंने पहाडपुर स्कूल में बन रहे प्लेनेटोरियम का उल्लेख किया और बताया की शिक्षा, विशेषकर बेटियों की शिक्षा उनके लिए सर्वथा महत्वपूर्ण है। जनता से वोट अपील करते हुए उन्होंने आश्वस्त किया की भाजपा से चुनकर आने वाले पार्षद निरंतर जनता की सेवा में उपलब्ध रहेंगे और हर समस्या का निस्तारण सुनिश्चित होगा।

# संचारी रोग नियंत्रण अभियान में लखनऊ अव्वल

**उपलब्धि**

**राजधानी ने हासिल किया सर्वाधिक 175 अंक**

**एक मई तक चलेगा संचारी रोग नियंत्रण अभियान**

संवाददाता

**लखनऊ,** संचारी रोग नियंत्रण अभियान (एसएनसीए) में लखनऊ ने अच्छा काम करते हुए प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त किया है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डॉ. मनोज अग्रवाल ने बताया कि शासन की ओर से जारी अब तक की दस्तक- एसआरएनए मॉनिटरिंग इंडीकेटर्स डिस्ट्रिक्ट स्कोरिंग शीट के मुताबिक जिले ने 175 अंक प्राप्त कर पहला स्थान हासिल किया है। वहीं मथुरा ने 170 अंक के साथ दूसरा और जौनपुर 165 अंक के साथ तीसरा स्थान पाया है।उन्होंने कहा कि यह बहुत ही गर्व की बात है। इसके लिए इस अभियान से जुड़े जनपद के सभी अधिकारी, कर्मचारी और स्वास्थ्य कार्यकर्ता बधाई के पात्र हैं। वहीं जिला मलेरिया अधिकारी (डीएमओ) डॉ ऋतु श्रीवास्तव ने बताया कि जनपद समेत पूरे सूबे में एक अप्रैल से चल रहे संचारी रोग नियंत्रण अभियान के अंतर्गत लगातार जागरूकता कार्यक्रमों के आयोजन के साथ ही मच्छरों की ब्रीडिंग के स्रोत नष्ट करने का कार्य युद्ध स्तर पर किया जा रहा है।साथ ही नगर विकास विभाग की टीम घर-घर कूड़ा कलेक्शन वाहन में ऑडियो क्लिप चलाकर अभियान का सघन प्रचार-प्रसार कर रही है। साथ ही स्वास्थ्य विभाग की ओर से पंपलेट, पोस्टर, बैनर एवं माइक के जरिए भी अभियान का प्रचार प्रसार करते हुए लोगों को मच्छरों से बचाव के प्रति जागरूक किया जा रहा है।

जिला मलेरिया अधिकारी ने बताया कि मलेरिया एनाफिलीज मच्छर और डेंगू एडीज मच्छर के काटने से होता है दोनों ही मच्छर ठहरे और साफ पानी में पनपते हैं। मलेरिया सहित अन्य वेक्टर जनित बीमारियों से बचाव के लिए साल में तीन बार स्वास्थ्य विभाग की ओर से विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान और हर इतवार को ह्हर रविवार-मच्छर पर वारह्व अभियान चलाकर फॉगिंग, मच्छर रोधी रसायन का छिड़काव, मच्छरों से बचाव के लिए क्या करें क्या न करें पर जागरूक किया जाता है। साथ ही मच्छरों के स्रोतों को नष्ट करने सहित अन्य गतिविधियां भी की जाती हैं।उन्होंने बताया कि मच्छरों से बचाव के लिए जरूरी है कि पूरी बांह के कपड़े पहनें। सोते समय मच्छरदानी, मच्छररोधी क्रीम या क्वायल का उपयोग करें। घर के दरवाजों और खिड़कियों पर जाली लगाएं।कहीं पानी इकट्ठा है तो उसमें जला हुआ मोबिल ऑयल डाल दें। घर में टूटे हुए टायर, बर्तन आदि को हटा दें।

# बच्चे देश का भविष्य होते हैं - रामानन्द सैनी

संवाददाता




**लखनऊ।** बच्चो को अच्छी शिक्षा देना हर माँ बाप का सपना होता है इसके लिए वह पूरा प्रयास भी करते हैं शिक्षक भी अपना दायित्व निभाने की कोशिश करते हैं जिसका प्रमुख कारण होता है बच्चों का मनोबल बढ़े और वह देश और समाज के लिए कुछ कर सकें क्योंकि बच्चे देश का भविष्य होते हैं उक्त विचार आज एस.एस डी पब्लिक स्कूल अली नगर सुनहरा, कृष्णा नगर लखनऊ में विवेक कोचिंग कॉलेज के मेधावी छात्रों के सम्मान समारोह में अधिवक्ता रामानन्द सैनी ने व्यक्त किए इस अवसर पर रामानन्द सैनी ने यू पी बोर्ड परीक्षा में सफलता हासिल करने वाले बच्चों को सम्मानित किया सर्वाधिक अंक पाने वालीं छात्रा शालू रावत को विवेक कोचिंग कालेज की प्रबंधक मंजू सैनी ने सम्मानित किया सम्मानित होने वाले प्रमुख बच्चों में बंदना अर्कवंशी, प्रियांशी रावत, शिवाशी अवस्थी, कंचन गौतम, साक्षी यादव, रूपाली रावत, साक्षी शुक्ला, अंशिका रावत, तनु गौतम, खुशबू राजपूत, साक्षी पाल, अंश रावत, बृजेश रावत, राहुल प्रजापति, विशाल रावत, हर्ष यादव, अभिषेक कुमार, शिवम शुक्ला, पल्लवी रावत, खुशबू राजपूत, कुमकुम यादव, संजना अवस्थी, विभा गौतम, शालू रावत, किरण अवस्थी, अरुण रावत, विजय रावत, शिवम शुक्ला, अभय यादव, मोहित रावत तथा अजय कश्यप, उत्कर्ष थे

## लखनऊ में शब्द साज कार्यक्रम का आयोजन

**लखनऊ,** लखनऊ के बौद्ध शोध संस्थान ऑडिटोरियम में बुधवार को कार्यक्रम शब्द साज और संस्कृति की एक शाम, शायर मनीष शुक्ला के नाम का आयोजन हुआ। हेल्प यू एजूकेशनल एंड चेरिटेबल ट्रस्ट द्वारा आयोजित कार्यक्रम में गजल गायन की सुंदर परफॉर्मेंस देखने को मिली। कार्यक्रम की शुरूआत हेल्प यू एजुकेशनल एंड चैरिटेबल ट्रस्ट के प्रबंध न्यासी हर्ष वर्धन अग्रवाल, साबिरा हबीब, पवन कुमार, अब्दुल मजीद खान, कवि उदय प्रताप सिंह, शायर मनीष शुक्ला ने दीप प्रज्ज्वलन से करी।हर्ष वर्धन अग्रवाल ने बताया कार्यक्रम का आयोजन पीएम मोदी के सिद्धांत सबका साथ, सबका विकास के तहत हुआ। कार्यक्रम में गजल गायक प्रदीप अली और सारेगामापा विजेता मृदुला चटर्जी ने परफॉर्मेंस दी।

# मलिहाबाद नगर पंचायत में ईद मिलन समारोह का हुआ आयोजन

संवाददाता



**लखनऊ।** बुधवार को मलिहाबाद नगर पंचायत में ईद मिलन समारोह का आयोजन मौहल्ला सैयद वाड़ा में हुआ। जिसमे डॉक्टर शेख सिराज बाबा के नेतृत्व में कस्बे से 15 वार्डों के सभासदों ने अपने अपने वार्डों से लड्डुओं के थैलों में लेकर आए। जिसके बाद कस्बे लोगो ने अहसन अजीज खान को लड्डुओं के बराबर तौल कर उनका स्वागत किया। साथ ही शाहबाज खान उर्फ ईशु खान द्वारा 73 किलो देसी घी के बने लड्डुओ व मालाओं से उनका स्वागत किया।इस दौरान अहसन अजीज ने कहा सभी 15 वार्डों की मिट्टी से मुझे अपनी मोहब्बतो के साथ तौला है। मलिहाबाद की इस पावन धरती की सौगंध खाकर कहता हूं की मलिहाबाद की जनता की हर तकलीफ को मैं अपनी तकलीफ समझते हुए उसे शीघ्र हल करुंगा। हर सुख दुख में बराबर का खड़ा रहूंगा। आपकी हर एक फोन को अटेंड करुंगा और सम्पूर्ण नगर पंचायत में विकास कार्य कराऊंगा।

ईद मिलन समारोह आयोजन में अनवर खान बाबर खान आसिफ वली, शाहबाज आफरीदी शारूख जमाल शादमान शरीफ अली,, आशीष गौतम, अरविंद, फुरकान सतेन्द्र गौतम अमन यादव (मोहसिन टीटू) अब्दुस्सलाम, लाला रविन्द्र, संजय रावत गजराज रावत आशीष गुप्ता स्वामी सर्वेश साईं एवम डॉक्टर शेख सिराज बाबा आदि उपस्थित रहे ।

## सभासद पद के प्रत्याशियो ने भी डोर टू डोर जनसम्पर्क कर मांगे वोट

**मोहनलालगंज,** वार्ड०-12 से सभासद पद के लिये भाजपा प्रत्याशी एडवोकेट हिमांशु तिवारी ने युवाओ की टोली के साथ डोर टू डोर जनसम्पर्क कर अपने लिये वोट मांगे ।वही प्रसिद्व हास्य कलाकार अन्नू अवस्थी का हिमांशु तिवारी को भारी मतो से जिताने के लिये सोशल मीडिया पर डाला गया वीडियों भी जमकर वायरल हुआ ।वार्ड -10 से सभासद पद की भाजपा प्रत्याशी अल्का द्विवेदी ने अपने पति समाजसेवी आशीष द्विवेदी समेत महिलाओ की टोली के साथ डोर टू डोर जनसम्पर्क कर अपने लिये वोट मांगे ।वार्ड-14 से सभासद पद के भाजपा प्रत्याशी मनीष तिवारी ने भी युवा टोली के साथ घर-घर जनसम्पर्क कर अपने लिये वोट मांगे।

# भाजयुमो के कलेक्ट्रेट घेराव व तालाबंदी कार्यक्रम में पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था हुई ध्वस्त

**0 भाजयुमो कार्यकर्ताओ के जोश के आगे असहाय दिखी पुलिस**
**0 काम नहीं आई पुलिस की चार चार लेयर की सुरक्षा व्यवस्था**
**0 कलेक्ट्रेट परिसर में घुसे भाजयुमो कार्यकताओ ने जमकर किया हंगामा व तोड़फोड़**

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**सूरजपुर।** गुरुवार को यहां आयोजित भाजयुमो की रैली में पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था न केवल पूरी तरह ध्वस्त हो गई बल्कि यह पहला मौका होगा जब कोई रैली कलेक्टर के चेम्बर गेट तक पहुचने में सफल रही।पुलिस ने व्यवस्था तो ऐसी की थी जैसे कोई परिंदा भी पर नही मार सकता पर भाजयुमो कार्यकर्ताओ के जोश के आगे पुलिस असहाय दिखी।न वाटर केनन काम आया और टियर गैस की तैयारी और न ही चार चार लेयर की सुरक्षा...! भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा प्रदेश नेतृत्व के आह्वान और प्रदेश अध्यक्ष रवि भगत के निर्देशन एवं प्रदेश महामंत्री उपकार चंद्राकर, अंकित जायसवाल व प्रदेश उपाध्यक्ष व संभागीय प्रभारी जितेंद्र देवांगन, प्रदेश मंत्री व सूरजपुर जिला प्रभारी आलोक श्रोती, लोकेश पैकरा, सह प्रभारी मनीष पुनाचा, निशांत गुप्ता के मार्गदर्शन और जिलाध्यक्ष रविंद्र भारती के नेतृत्व में आज यहां प्रदेश सरकार के खिलाफ धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया था।अग्रसेन चौक के पास भाजयुमो ने भाषण बाजी के बाद दोपहर करीब तीन बजे प्रस्तावित कार्यक्रम के तहत भाजयुमो कार्यकर्ता रैली की शक्ल में कलेक्टरेट घेराव व तालाबंदी के लिए निकले और कलेक्टरेट के आसपास लगे अभेद सुरक्षा को तोड़ सीधे कलेक्टर चेम्बर गेट तक जा पहुँचे ओर पुलिस देखती रह गई।कलेक्टर चेम्बर गेट के पास घण्टो सरकार के खिलाफ नारेबाजी करने के बाद भाजयुमो कार्यकर्ता वापस लौटे। इस बीच पूरे समय तक वाटर केनन के सहारे कार्यकर्ताओ को रोका जा सके।टियर गैस की व्यवस्था भी की गई थी।पुलिस फोर्स तैनात थी पर कोई काम नही आया। पुलिस ने इस बीच हल्का बल प्रयोग और पानी की बौछार की



पुलिस केवल तमाशबीन रही। बेरोजगारी भत्ता व युवाओं से संबंधित विभिन्न विषय को लेकर कलेक्ट्रेट में तालाबंदी व घेराव का भाजयुमो का यह कार्यक्रम था।भाजयुमो के इस कार्यक्रम के मद्देनजर पुलिस ने सुरक्षा के पहली बार इतने कड़े इंतजाम किए थे कि जैसे कोई परिंदा पर नही मार सकता। जेल रोड के पास से ही बेरिकेड्स लगा दिए गए थे और कलेटररेट तक करीब करीब चार लेयर की सुरक्षा इंतजाम थे। यही नही पांच पांच दमकल की गाड़ियां लगी थी ताकि लेकिन भाजयुमो कार्यकर्ता सभी सुरक्षा को धता बताते सीधे कलेटररेट परिसर में घुस गए और चेम्बर गेट तक पहुँच कर जमकर हंगामा किया। यहां तक की चेम्बर गेट में तोड़फोड़ भी कर दिया जिससे शीशें आदि टूट कर बिखर गए। चेम्बर गेट के पास हंगामा के दौरान अचानक भाजयुमो के शहर मंत्री संस्कार अग्रवाल बेहोश हो गए जिन्हें आनन फानन में अस्पताल ले जाया गया।इसी बीच एक अन्य कार्यकर्ता के हाथ मे भी चोट आई है।जिसे माना जा रहा गेट तोड़फोड़ के दौरान चोट लगी होगी।

### इन्होंने किया सम्बोधित और ये रहे सक्रिय

सभा को भारतीय जनता युवा मोर्चा के राष्ट्रीय समिति के सदस्य प्रशांत राज,भाजपा वरिष्ठ नेता पूर्व गृहमंत्री रामसेवक पैकरा, भाजपा जिला अध्यक्ष बाबूलाल अग्रवाल, भाजयुमो प्रदेश महामंत्री उपकार चंद्राकर ,महामंत्री अंकित जयसवाल, भाजयुमो प्रदेश उपाध्यक्ष जितेंद्र देवांगन, भाजयुमो जिला अध्यक्ष रविंद्र भारती, शशिकांत गर्ग, लोकेश पैकरा ,अजय अग्रवाल ने संबोधित किया।इस दौरान भाजपा जिला उपाध्यक्ष लाल संतोष सिंह अनुप सिन्हा पुष्पा सिंह ललित सिंह मरावी संदीप अग्रवाल शशि नाथ तिवारी गिरीश गुप्ता रितेश गुप्ता दीपक गुप्ता शशिकांत गर्ग अजय अग्रवाल कार्यसमिति समिति के सदस्य मनी बग्गा आलम आयाम मार्कंडेय तिवारी सौरभ सिंह सौरभ जयसवाल सत्येंद्र राजवाड़े आसुमल गर्ग आशा मिश्रा वेद प्रकाश सिंह लक्ष्मी राजवाड़े किरण केराम सरोज साहू किरण केराम जिला महामंत्री सावन गोयल दुर्गा गुप्ता आशीष प्रताप सिंह यशवंत सिंह निलेश जायसवाल सुमित साहू संत प्रजापति सिद्धार्थ तिवारी देव गुप्ता अभय तिवारी सचिन तायल दिनेश यादव धन कुमार पैकरा विश्वजीत सोनी दीपेंद्र दुबे किशन देवांगन संस्कार अग्रवाल अवनीश सिंह अंकित चौहान राजेश राजवाड़े सुरेंद्र राजवाड़े मोहन देवांगन तिलक सुनील साहू उपेंद्र यादव सत्यम विश्वकर्मा महेंद्र यादव प्रदीप साहू दौलत प्रताप सिंह हरिनारायण जयसवाल मोहर से राजवाड़े पुनीत पाठक बीपी जयसवाल उपेंद्र अग्रहरी चंदन विश्वकर्मा संदीप दुबे अभिषेक गुप्ता सौरभ साहू उजाला राजू जैसवाल ज्ञान प्रकाश दुबे जयप्रकाश यादव सुरेश सोनी जीतू मानिकपुरी सुरजन यादव सुरजीत कुमार किशोरी मंडल संतोष यादव राजू शर्मा विनय तिवारी विकास आकाश विजेंद्र कश्यप विकास तिवारी राहुल जयसवाल विक्रम सिंह पवन वर्मा शांतनु सिंह चौहान देव शरण छत्रपाल सिंह संजू सोनी राकेश महाराज रंजन सोनी विशाल नागेंद्र सानू साहू अनूप जायसवाल सन्नी मिश्रा आदि सक्रिय रहे।

# पिकप में तोड़फोड़ कर रकम लूटने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**घटना में प्रयुक्त बुलेट व बाईक सहित 25 सौ नगदी जप्त**

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**सूरजपुर।** बीती रात एक पिकप वाहन म् तोड़फोड़ कर चालक से नगदी लूटने वाले दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। बताया गया है कि ग्राम खुखरी, चौकी बरिया थाना राजपुर, जिला बलरामपुर के संदीप जायसवाल ने यहां थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया कि 26 अप्रैल के रात्रि में अशोक साहू, संदीप साहू एवं 1 अन्य व्यक्ति के द्वारा कर्मा चौक के पास पिकअप वाहन को रोकवाकर गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए मारपीट किया और पिकअप क्र सीजी 15 ए 6889 के शीशा व टायर नलकी को तोड़कर 25 सौ रूपये लूट लिए है। रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 294, 506, 323,




341, 392, 427, 34. के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया। कोतवाली पुलिस द्वारा मामले की विवेचना करते हुए आरोपी अशोक साहू 35 वर्ष बड़कापारा व संदीप साहू 18 वर्ष 6 माह निवासी महुआपारा सूरजपुर को पकड़ा।

पूछताछ पर दोनों आरोपियों अपने 1 अन्य साथी के साथ मिलकर वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया। आरोपियों के निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त बुलेट व प्लेटिना मोटर सायकल 25 सौ रूपये नगद जप्त कर दोनों को गिरफ्तार किया है। मामले में फरार 1 अन्य आरोपी की पतासाजी की जा रही है। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी प्रकाश राठौर, एसआई दिनेश साहनी, प्रधान आरक्षक राहुल गुप्ता, आरक्षक सत्यम सिंह, प्रदीप साहू व बृजभुवन सक्रिय रहे।

# नपा ने धोखा धड़ी करने वाली एजेंसी के विरुद्ध थाने में की शिकायत

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**सूरजपुर।** नगर पालिका ने शुलभ इंटरनेशनल एजेंसी पर धोखाधड़ी का आरोप लगा उसे ब्लैक लिस्टेड घोषित करते हुए एफआईआर दर्ज कराने कोतवाली थाने में शिकायत पत्र दिया है। मुख्य नगरपालिका अधिकारी बसंत बुनकर ने शिकायत में बताया है कि नगर पालिका परिषद सूरजपुर के द्वारा यहां हाईटेक बस




स्टैण्ड में 20 सीटर सुलभ शौचालय निर्माण कर संचालित करने का कार्य रूचि की अभिव्यक्ति प्रक्रिया के तहत् नियमानुसार अनुबंध कर संचालक सुलभ इंटरनेशनल सोशल आर्गनाईजेशन पटना बिहार एवं ब्रांच रायपुर को दिनांक 7 अक्टूबर 2020 को राशि 22 लाख रूपये में दिया गया था। उक्त एजेंसी को सुलभ शौचालय निर्माण एवं संचालन का कार्य 06 माह के अन्दर पूर्ण कर लगातार 30 वर्षों तक सुलभा की सुविधा प्रदान करना था। किन्तु बार बार ई-मेल, डाक एवं दूरभाष से सूचना देने एवं अग्रिम राशि 15.33 लाख देने के बावजूद 02 वर्ष बीत जाने के बावजूद संबंधित एजेंसी के द्वारा कार्य पूर्ण कर जन सामान्य को सुविधा नहीं प्रदान की गई है। उक्त एजेंसी 15.33 लाख रूपये की अग्रिम राशि लेकर फरार है। संबंधित संस्था के द्वारा नगर पालिका से किए गए अनुबंध का पालन नहीं किया जा रहा है एवं धोखा देने के नियत से कार्य पूर्ण नहीं किया जा रहा है। इस एजेंसी के मन में बेईमानी आ गई है। हाईटेक बस स्टैण्ड में सुलभ शौचालय का पूर्ण न होने से आगंतुकों, यात्रियों एवं जन सामन्य को भारी असुविधा व परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मुख्य नगरपालिका अधिकारी के द्वारा नगर पालिका के साथ धोखाधड़ी करने वाली एजेंसी व एजेंसी संचालकों के विरूद्ध धोखाधड़ी का अपराध पंजीपद्ध करने के लिए कोतवाली में आवेदन दिया गया है।

# श्रीराम की मेहनत से लहलहायी रागी की फसल

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**सूरजपुर।** माननीय मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल जी के मंशानुरूप छत्तीसगढ़ प्रदेश के हर जिले में कृषि विभाग के माध्यम से मिलेट मिशन योजना की शुरुवात की गई है, इस योजना का मुख्य उद्देश्य किसानों को मोटे अनाज के उत्पादन के लिए जागरूक कर, उनको उसका अच्छा मूल्य दिलवाना है। मोटे अनाज जैसे कोदो, कुटकी, रागी, साँवा जो विलुप्ति के कगार पर थी, अब इस योजना के क्रियांवनित होने से रकबा में अच्छी खासी वृद्धि हो रही है। सूरजपुर जिले के प्रतापपुर विकासखंड के श्यामनगर ग्राम पंचायत के कृषक श्रीराम ने इस वर्ष कृषि विभाग से रागी बीज प्राप्त कर 5 एकड़ में रागी की खेती रोपा विधि से की है। यह वही खेत है, जहा पहले वो गर्मी में धान की फसल लिया करता था। पर अब कृषि विस्तार अधिकारी अभिषेक सिंह की सलाह से रागी की फसल लगाई है। श्रीराम की मेहनत से रागी की फसल खेतों में लहलहा रही है। श्रीराम ने बताया की हमारे गांव



में कुल 12 एकड़ में 6 किसानों ने रागी की खेती की है। जो पूर्ण रूप से सफल है। अभी वर्तमान में फुल व फलन आ गया है, आगामी खरीफ ऋतु में ली जाने वाली फसल से पहले खेत खाली हो जायेगा, और उत्पादन को मिलेट कैफे में विक्रय कर अच्छा मूल्य भी प्राप्त हो जायेगा। इसके लिए सभी कृषको ने जिला प्रशासन व कृषि विभाग के अधिकारियों को धन्यवाद ज्ञापित किया है। जानकरी अनुसार बाकी अनाज के मुकाबले रागी में 5 से 30 गुना ज्यादा कैल्शियम पाया जाता है। राष्ट्रीय पोषण संस्थान के अनुसार 100 ग्राम रागी में 344 एमजी कैल्शियम पाया जाता है जो पूरे दिन की कैल्शियम की जरूरत को पूरा करने के लिए अच्छा है। इससे कहा जा सकता है कि रागी में कैल्शियम से भरपूर होते हैं। रागी में कैल्शियम पाये जाने के कारण हड्डियां, दांत मजबूत रहते हैं और ऑस्टियोपोरोसिस (हड्डियों से जुड़ी बीमारी) से बचाव मिलता है। कैल्शियम से भरपूर होने के कारण बढ़ते बच्चे और गर्भवति महिलाओं के लिए रागी के फायदे और बढ़ जाते हैं। कैल्शियम के अलावा रागी में विटामिन डी से भी भरपूर हैं। विटामिन डी होने से कैल्शियम अब्जॉर्ब करना आसान हो जाता है। अगर आप सूरज की किरणों से विटामिन डी नहीं ले पा रहे हैं तो रागी डाइट में शामिल करने का सोच सकते हैं। 283 एमजी फास्फोरस भी रागी में होता है। अन्य अनाज के मुकाबले रागी में पॉलीफेनोल्स और डाइटरी फाइबर पाया जाता है। रागी का ग्लाइसेमिक इंडेक्स कम होता है, जिससे ब्लड शुगर लेवल बढ़ने के आसार कम हो जाते हैं। आयरन से भरपूर होने के कारण भी जाना जाता हैं। आयरन का सेवन करने से हीमोग्लोबिन में सुधार होता है जिससे एनीमिया होने के आसार कम हो जाते हैं। जिन लोगों को एनीमिया है, उन लोगों को अपनी डाइट में आयरन से भरपूर डाइट फॉलो करनी चाहिए। आयरन की कमी को पूरा करने के लिए आप रागी कुकीज या रागी का हलवा भी खा सकते हैं। और यह ऑप्शन आयरन की दवाई खाने से तो बहुत अच्छा है।


**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**निविदा सूचना**

**निविदा संख्या:** GSU-SECR-BSP-ELECT ELECT-AB-03 दिनांक: 17.04.2023

**कार्य का नाम:** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर के अमृत भारत स्टेशन योजना, बिलासपुर मंडल के अंतर्गत बेलपहाड़, रायगढ़, बाराद्वार, चांपा, कोरबा, नैला, अकलतरा, उसलापुर स्टेशनों (कुल 08 स्टेशनों) पर विद्युत सामान्य कार्य।

**निविदा मूल्य:** ₹ 3,55,99,264/- (रुपए तीन करोड़ पचपन लाख निन्यानबे हजार दो सौ चौंसठ मात्र), **बिड सेक्युरिटी:** ₹ 3,28,000/-

**निविदा समापन की तिथि व समय:** दिनांक **17.05.2023** को **15:30** बजे।

**निविदा खुलने की तिथि व समय:** दिनांक **17.05.2023** को **15:45** बजे।

**कार्य समापन अवधि:** एलओए जारी होने की तारीख से 06 (छह) महीने।

**वेबसाइट विवरण और नोटिस बोर्ड स्थान:** ई-निविदा दस्तावेज, पात्रता मानदंड और उपरोक्त कार्य के लिए पूर्ण विवरण से संबंधित अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट **http://www.ireps.gov** पर उपलब्ध निविदा दस्तावेज देखें / डाउनलोड करें।

**उप मुख्य विधुत अभियंता-गति शक्ति दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर**

CPR/10/30

South East Central Railway | @secrail


# माताओं के सक्रिय सहभागिता से अंगना म शिक्षा मेले का आयोजन कर चट्टीडांड़ स्कूल में मनाया गया पढ़ई तिहार

**नौ काउंटर बना रूचिपूर्ण तरीके से परखा गया बच्चों का स्तर**



प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**सूरजपुर।** विकासखंड सूरजपुर के संकुल केन्द्र जयनगर ट्रायबल अंतर्गत संचालित शासकीय प्राथमिक शाला चट्टीडांड़ स्कूल में प्रधान पाठक गौतम शर्मा के नेतृत्व और मार्गदर्शन में अंगना म शिक्षा 3 अंतर्गत पढ़ई तिहार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा प्रदेश के छोटे बच्चों को स्कूल में दाखिले से पूर्व घर पर ही रहकर रूचिपूर्ण गतिविधियों के माध्यम से खेल - खेल में विभिन्न विषयों की पढ़ाई कराकर स्कूल के लिए तैयार करने के उद्देश्य से प्रदेश की महिला शिक्षिकाओं के नेतृत्व में अंगना म शिक्षा कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। प्रधान पाठक गौतम शर्मा ने बताया कि पढ़ई तिहार अंतर्गत अंगना म शिक्षा मेले का आयोजन कर एक्टिव मदर कम्यूनिटी के सदस्यों और गांव की अन्य माताओं तथा 5 से 6 वर्ष तक के बच्चों को बुलाया गया और उन्हें घरेलू सामग्रियों जैसे सब्जी, फल, फूल, बर्तन, चूड़ी, कपड़े, वेस्ट मटेरियल आदि का उपयोग बच्चों को शिक्षा देने में करने के लिए सिखाया गया। अंगना म शिक्षा मेले में सर्वप्रथम बच्चों की माताओं को मेला सपोर्ट कार्ड देकर बच्चों के स्तर पहचान के लिए बनाये गये नौ काउंटरों में भेजा गया। इन काउंटरों में बच्चों के शारीरिक, क्रियात्मक विकास, सामाजिक, भावात्मक विकास, बौद्धिक विकास, भाषाई कौशल, गणित पूर्व तैयारी आदि दक्षताओं का आंकलन करने हेतु वजन, ऊंचाई, टेढ़ी - मेढ़ी रेखा पर चलना, चित्र में रंग भरना, कागज से काम, स्वयं नाम, पता बताना, साफ सुथरा रहना, बिना झिझक बात करना, वस्तुओं का वर्गीकरण, दिये गये चित्र या वस्तु को क्रम से लगाना, छोटा - बड़ा में फर्क पहचानना, कहानी सुना पाना, चित्र देखकर बोलना, अक्षर पहचानना, अक्षर देखकर लिखना,1 से 20 तक की वस्तुओं को गिनना, 1 से 20 तक अंक पहचान, मौखिक जोड़ना और घटाना तथा आकार पहचान आदि रूचिपूर्ण शैक्षणिक गतिविधियां कराया गया। बच्चों ने सभी काउंटर की गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। माताएं आकलन की सभी प्रक्रियाओं में बच्चों के स्तर को समझ कर उनके स्तर सुधार करने के लिए प्रेरित हुई। नये शिक्षा सत्र में माताएँ इन्हीं मेला सपोर्ट कार्ड को लाकर बच्चों का दाखिला स्कूल में कराएंगे। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में संकुल समन्वयक जयनगर ट्रायबल संजय मिश्रा, शिक्षक प्रभात कुमार मिंज, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती रेखा, एक्टिव मदर कम्यूनिटी की सदस्य श्रीमती चन्द्रलेखा सारथी, श्रीमती जानकी सारथी, श्रीमती किरण सारथी, श्रीमती अंतरा सारथी, श्रीमती दुर्गा, श्रीमती कविता कसेर, श्रीमती सीमावती, श्रीमती झींगा बाई, श्रीमती सोनामती, श्रीमती फलांगो, श्रीमती प्रमिला, श्रीमती मंजू देवी, श्रीमती बिन्दु और श्रीमती देवी कुमारी सारथी का सक्रिय योगदान रहा।

# जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा 29 अप्रैल को उड़नदस्ता दल गठित

प्रतिनिधि छ.ग. फ्रंटलाइन

**सूरजपुर।** जवाहर नवोदय विद्यालय की चयन परीक्षा 29 अप्रैल 2023 दिन शनिवार को प्रातः 11.00 बजे से दोपहर 01.30 बजे तक आयोजित किया जाना है। परीक्षा को सुव्यवस्थित संचालन के लिए जिला स्तरीय उड़नदस्ता दल का गठन किया गया है। प्रत्येक उड़नदस्ता दल सम्मिलित परीक्षा केन्द्रों का आकस्मिक सघन जांच एवं निरीक्षण परीक्षा के दौरान करेंगे। निरीक्षण के दौरान पाई गई अनियमितता एवं नकल आदि का प्रतिवेदन में स्पष्ट उल्लेख हो तथा निरीक्षण के दौरान प्रभारी अधिकारी, सदस्य अपने शासकीय वाहन का उपयोग करेंगे।

सूरजपुर के लिए दल प्रभारी डॉ. वर्षा बंसल, डिप्टी कलेक्टर, प्रभारी तहसीलदार शा.बालक उ.मा.वि. श्री ओम प्रकाश तिवारी, कार्यक्रम अधिकारी साधुराम विद्या मंदिर, श्री अजय सिंह राठौर, मण्डल संयोजक ग्लोबल पब्लिक स्कूल, श्रीमती शुशिला लकड़ा पर्यवेक्षक सरस्वती शिशु मंदिर, सूरजपुर श्री रवि सिंह, अनुविभागीय अधिकारी (रा.) अपने अनुभाग से संबंधित आंबटित परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण संबंधित कार्य करें, जिससे परिक्षाओं में अनुचित साधनों का उपयोग न हो सके।

रामानुजनगर के लिए दल प्रभारी श्री उमेश कुशवाहर तहसी रामानुजनगर शा.बालक उ.मा.वि. रामानुजनगर, श्री संजय राय, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, शा.उ.मा. विद्यालय परशुरामपुर, श्रीमती रागिनी गुप्ता पर्यवेक्षक शा.उ.मा.वि. सोनपुर, शा.उ.मा.वि. गणेशपुर, प्रेमनगर के लिए दल प्रभारी श्री विन्देश्वर प्रजापति तहसीलदार, शा.कन्या उ.मा.वि. प्रेमनगर, श्री निलेश कुमार सोनी मुख्य कार्यपालन अधिकारी, शा.बा.उ.मा. प्रेमनगर, सुश्री हीरानी राजवाड़े पर्यवेक्षक शा.उ.मा.वि. चंदननगर, श्री नन्दजी पाण्डेय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) अपने अनुभाग से संबंधित आंबटित परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण संबंधित कार्य करें, जिससे परिक्षाओं में अनुचित साधनों का उपयोग न हो सके। भैयाथान के लिए दल प्रभारी श्री ओ.पी सिंह, तहसीलदार भैयाथान जवाहर नवोदय विद्यालय बसदेई, श्री विनय गुप्ता, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, शा.उ.मा.वि. बसदेई, श्री घनश्याम सिंह, एबीईओ एकलव्य विद्यालय षिव प्रसादनगर, श्रीमती मायाचन्द्रकला जायसवाल पर्यवेक्षक शा.उ.मा.वि. दर्रीपारा, ओड़गी के लिए दल प्रभारी श्री सालिक राम गुप्ता, श्री रणवीर राय, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, सुश्री मीरा कुरील, परियोजना अधिकारी शा.उ.मा.वि. दवना, श्री सागर सिंह राज, अनुविभागीय अधिकारी (रा.) अपने अनुभाग से संबंधित आंबटित परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण संबंधित कार्य करें, जिससे परिक्षाओं में अनुचित साधनों का उपयोग न हो सके।

प्रतापपुर क्षेत्र-1 के लिए दल प्रभारी श्री प्रतीक जायसवाल तहसीलदार, शा.उ.मा.वि.क. प्रतापपुर टी, श्री निजामुद्दीन मुख्य कार्यपालन अधिकारी शा.उ.मा.वि.बा. प्रतापपुर, सुश्री कमला कच्छप पर्यवेक्षक शा.उ.मा.वि. केवरा एवं शा.उ.मा.वि. गोविन्दपुर, प्रतापपुर क्षेत्र 2 के लिए दल प्रभारी तेजू प्रताप सिंह नायब तहसीलदार शा.उ.मा.वि. जरही, श्री साईमन तिर्की एबीईओ एवं श्रीमती रेखा सिंह पर्यवेक्षक सरस्वती शिशु मंदिर उ.मा. वि. जरही श्री उत्तम रजक, अनुविभागीय अधिकारी (रा.) अपने अनुभाग से संबंधित आंबटित परीक्षा केन्द्रों का निरीक्षण संबंधित कार्य करें, जिससे परिक्षाओं में अनुचित साधनों का उपयोग न हो सके।

कोरिया फ्रंटलाइन

# सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण कार्य निर्धारित समय सीमा से पहले हुआ पूर्ण

## कलेक्टर लंगेह ने दिया धन्यवाद





छ.ग. फ्रंटलाइन

**कोरिया।** कलेक्टर कोरिया के निर्देशन तथा कुशल मार्गदर्शन में जनपद पंचायत सोनहत के 42 ग्राम पंचायतों के 105 ग्रामों में सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण कार्य निर्धारित समय पूर्व पूरा कर लिया गया है,तथा इस हेतु कलेक्टर लंगेह ने सर्वेक्षण कार्य मे संलग्न अधिकारी-कर्मचारियों को बधाई दी है। विदित हो, कि छत्तीसगढ़ शासन द्वारा प्रदेश भर में 1 अप्रैल से सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण का कार्य प्रारंभ किया गया है, जो 30 अप्रैल तक चलेगा। सर्वेक्षण में परिवार राशन कार्ड को आधार माना गया है। कलेक्टर कोरिया के कुशल मार्गदर्शन व सतत मॉनिटरिंग एवं लगातार क्षेत्र भ्रमण कर नियोजित प्रगणकों को आ रही कठिनाइयों को दूर करते हुये जिले के दूरस्थ बनांचल आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र जनपद पंचायत सोनहत अंतर्गत कुल 42 ग्राम पंचायतों में 63 सर्वेक्षण दलों के द्वारा 15214 परिवारों का महज 25 दिनों में सर्वे कार्य पूर्ण करा लिया गया। सर्वेक्षण कार्य हेतु जनपद पंचायत सोनहत को छः सेक्टरों में विभाजित किया गया था, जिसमें नियुक्त सेक्टर सुपरवाइजर भैंसवार प्रभा लकड़ा, सोनहत सुषमा एक्का, रामगढ़ जसवंत सिंह, कटगोड़ी परिक्षित तिर्की, बोढार रामजीत राम ध्रुवे, सुंदरपुर लियोस टोप्पो एवं जनपद पंचायत टीम नोडल अधिकारी सीईओ, सहायक नोडल अधिकारी कार्यक्रम अधिकारी मनरेगा, अतिरिक्त नोडल अधिकारी बिहान के सर्वेक्षण कार्य की कोरिया कलेक्टर विनय कुमार लंगेह द्वारा नियमित रूप से विडियो कांफ्रेंसिंग के द्वारा प्रगति की समीक्षा की गई, जिसके परिणाम स्वरूप निर्धारित समय सीमा के पांच दिन पूर्व ही सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण 2023 पूर्ण किए जाने पर सभी प्रगणकों, सेक्टर सुपरवाइजरों तथा नोडल अधिकारी सीईओ सोनहत, सहायक नोडल अधिकारी एवम अतिरिक्त नोडल अधिकारी के द्वारा किए गए कार्यों की सराहना करते हुवे भविष्य में भी सौंपे गए दायित्व का निर्वहन समर्पित भाव से करने को कहा है।

# एस.टी. एस.सी. एवं ओ.बी.सी. के लिए पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित

छ.ग. फ्रंटलाइन

**कोरिया।** आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त ने बताया कि कोरिया एवं मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले तथा राज्य के बाहर अध्ययनरत छत्तीसगढ़ के मूल निवासी जो शासकीय एवं अशासकीय महाविद्यालय, शिक्षा महाविद्यालय, विश्वविद्यालयों, इंजीनियरिंग कालेज, मेडिकल कॉलेज, नर्सिग कॉलेज, डाईट, आई.टी.आई.,पॉलिटेक्निक आदि में अध्ययनरत हैं जिनका संस्थाओं में प्रवेश विलम्ब से हुआ है तथा पाठ्यक्रमों का परीक्षा परिणाम विलम्ब से घोषित हुआ है, ऐसे अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थी जो विभाग द्वारा संचालित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति की पात्रता रखते है वे शिक्षा सत्र 2022-23 हेतु ऑनलाईन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति कक्षा 12वीं से उच्चतर के पंजीयन, स्वीकृति एवं वितरण हेतु ऑनलाईन आवेदन कर सकते हैं। उन्होनें बताया कि वर्ष 2022-23 हेतु तिथि में वृद्धि की गई है। छात्रवृति हेतु विद्यार्थी द्वारा ऑनलाइन आवेदन करने की तिथि 27 अप्रैल से 03 मई, छत्तीसगढ़ राज्य के बाहर अध्ययनरत छत्तीसगढ़ के निवासी विद्यार्थी द्वारा ऑनलाईन आवेदन हेतु 04 मई से 08 मई, ड्राफ्ट प्रपोजल लॉक करने हेतु 27 अप्रैल से 10 मई एवं सेंक्शन आर्डर लॉक करने हेतु 27 अप्रैल से 15 मई 2023 तथा डिसबर्स करनेहेतु 25 मई 2023 तक निर्धारित है। निर्धारित तिथियों के पश्चात् शिक्षा सत्र 2022-23 की पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति हेतु आवेदन स्वीकृत नहीं किये जायेंगे तथा ड्राफ्ट प्रपोजल लॉक एवं सेंक्शन आर्डर लॉक करने हेतु भी अवसर प्रदान नहीं किया जाएगा।

# हेल्थ वेलनेस सेंटर बागबहार में जन आरोग्य समिति का बैठक आयोजित





छ.ग.फ्रंटलाइन

**जशपुरनगर।** हेल्थ वेलनेस सेंटर बागबहार में जन आरोग्य समिति का बैठक आयोजित किया गया। जिसमें अध्यक्ष श्रीमती धनियारो परहा उपाध्यक्ष डॉक्टर शशिकांत स्नेही, निरंजन सिंह आरएमए, लिंगराज डाटा एंट्री ऑपरेटर, श्रीमती आभा होता आरएचओ, श्रीमती सुरवावती बाई एएनएम, जयसिंह तिर्की प्रभारी पर्यवेक्षक श्रीमती आलोमानी एमटी , मितानिन तथा अन्य सदस्य उपस्थित थे। बैठक में आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए छूटे हितग्राहियों को प्रेरित कर आयुष्मान कार्ड बनवाने की सलाह दी गई।कुष्ठ एवं टी बी के शंकास्पद के मरीजों का सूची तैयार कर पीएचसी बागबहार में जांच और सत्यापन के लिए निर्देशित किया गया। लू से बचने एवम रोकथाम के उपाय बताएं गए। स्नेक बाइट के संबंध में बताया गया और स्नेक बाइट की स्थिति में तुरंत हॉस्पिटल भेजने की समझाइश दी गई।दवाई की उपलब्धता की जानकारी तथा महामारी से सबंधित दवाई उपलब्ध कराई गई। गैर संचारी रोग के बारे बताया गया और 30 वर्ष से अधिक उम्र वाले व्यक्तियों का एनसीडी स्क्रिनिंग तथा प्राथमिक उपचार के बारे में जानकारी दी गई।हेल्थ वेलनेस सेंटर की साफ सफाई एवम रख रखाव के बारे में चर्चा एव आवश्यक सामग्री और दवाई की उपलब्धता के संबंध में चर्चा किया गया।

# पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा रेंज एवं उमनि. एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में पत्नी की हत्या कर साक्ष्य छिपाने के मामले में आरोपी पति को किया गया गिरफ्तार

## आरोपी संतोष कुमार पैंकरा के विरूद्ध चौकी कोतबा में धारा 302, 201, 203 भादवि का अपराध पंजीबद्ध

**चौकी कोतबा थाना बागबहार के ग्राम नया कोकियाखार का मामला, आरोपी पति ने अपनी पत्नी की हत्या करने के उपरांत पत्नी के गुम हो जाने की रिपोर्ट स्वयं कराई थी दर्ज**





छ.ग.फ्रंटलाइन

**जशपुरनगर।** प्रकरण के विषय में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार घटना का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि संतोष कुमार पैंकरा उम्र 52 साल निवासी नया कोकियाखार चौकी कोतबा थाना बागबहार ने दिनांक 22 मार्च 2023 को चौकी में उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि दिनांक 19 मार्च 2023 के प्रातः में इसकी 47 वर्षीय पत्नी अपने मायके जाने के लिये घर से निकली है, जो मायके नहीं पहूंची है, आस-पास के ग्राम, रिश्तेदारी में पता-तलाश किये कुछ पता नहीं चला। प्रार्थी की रिपोर्ट पर गुम इंसान दर्ज कर विवेचना में लिया गया। उक्त गुम इंसान की पता-तलाश के दौरान परिजनों से पूछताछ करने पर पता चला कि गुमशुदा का विवाह संतोष कुमार पैंकरा से वर्ष 1985 में हुआ है एवं इसके 02 पुत्रियां हैं। गुमशुदा महिला का पुत्र नहीं होने से संतोष कुमार पैंकरा ने दूसरा विवाह किया है। विवाह के बाद से ही घरेलू बातों को लेकर संतोष कुमार पैंकरा अपनी पहली पत्नी को हमेशा लड़ाई-झगड़ा मारपीट किया करता था। दिनांक 20 मार्च 2023 को संतोष कुमार पैंकरा अपने पहली पत्नी के मायके जाकर अपने साला को बताया कि उसकी दीदी दिनांक 19 मार्च 2023 को अपने मायके जाने के लिये घर से निकली थी, जो नहीं आने पर आस-पास रिश्तेदारों में पता-तलाश किये पता नहीं चला। परिजनों द्वारा पता-तलाश करने के दौरान एक जंगल में संतोष कुमार पैंकरा के पत्नी की साड़ी एवं अन्य कपड़े मिले। तब संतोष कुमार पैंकरा की पुत्री ने उक्त कपड़े को पहचान लिया एवं उसे अपनी मां का होना बताया। संतोष पैंकरा द्वारा अपने परिजनों एवं पुत्री से पुलिस वाले डॉग से सुंघायेंगें कहकर कपड़े को वहीं छोड़ दिया। विवेचना दौरान प्रकरण के संदेही संतोष कुमार पैंकरा को अभिरक्षा में लेकर पूछताछ करने पर वह तरह-तरह की अलग-अलग बातें करता रहा। पुलिस द्वारा कड़ाई से पूछताछ किया गया तो उसने बताया कि दिनांक 18 मार्च 2023 की रात्रि लगभग 10:30 बजे घरेलू बातों को लेकर अपनी पत्नी से लड़ाई-झगड़ा एवं वाद-विवाद हुआ एवं वह बेरहमी से हाथ, मुक्का से कई बार अपनी पत्नी के पेट में वारकर हत्या कर दिया। मृतिका के शव को घर के पास बाड़ी में कुछ गड्ढा खोदकर पैरा गादा एवं लकड़ी के ढेर में छिपाकर 10 दिनों तक रखा था तथा 10 दिवस पश्चात् छिपाकर रखे शव के उपर पैरा गादा व लकड़ी डालकर आग लगाकर जला दिया एवं हड्डी तथा अवशेष को नाला में फेंकना बताया। भ्रमित करने के लिये मृतिका के कपड़े को बहालजोर राखत नाम का जंगल में फेंक दिया, जिसे जप्त किया गया है। विवेचना में फारेंसिक एक्सपर्ट तथा डॉग स्क्वायड की महत्वपूर्ण भूमिका रही। आरोपी संतोष कुमार पैंकरा उम्र 52 साल निवासी नया कोकियाखार चौकी कोतबा थाना बागबहार का कृत्य उपरोक्त धारा सदर का अपराध करना पाये जाने पर उसे दिनांक 26 अप्रैल 2023 को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। प्रकरण की विवेचना कार्यवाही एवं आरोपी को गिरफ्तार करने में थाना प्रभारी बागबहार उप निरीक्षक बी.एन. शर्मा, सहायक उपनिरीक्षक नारायण प्रसाद साहू, आरक्षक 568 राजेन्द्र रात्रे, आरक्षक 475 फ्रांसिस बेक, आरक्षक 28 आकाश कुजूर एवं अन्य स्टॉफ की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# विभिन्न संक्रामक बीमारियों से बचने के लिए लोगों को निम्न बातों का पालन करने के लिए कहा गया




छ.ग.फ्रंटलाइन

**जशपुरनगर।** स्वास्थ्य विभाग के द्वारा लोगों को विभिन्न संक्रामक बीमारियों से बचने के लिए निम्न बातों का पालन करने के लिए कहा गया है। मलेरिया, डेगू, व चिकनगुनिया, जैसे रोगों की रोकथाम के लिए अपने घर ऑगन को साफ - सुथरा रखने एवं अपने घर के आस- पास पानी इकट्ठा नही करने की सलाह दी गई है। दिन में दो बार प्रातः और रात्री में दॉतो को साफ करने और स्वच्छ पानी से मुँह हाथ धोने के लिए कहा गया है। लोगों को संतुलित एवं पर्याप्त भोजन करने की सलाह दी गई है। बाजार में बिकने वाले चटपटे भोजन का उपयोग कम से कम करने एवं खुले और मसाले तेल का उपयोग नहीं करने की सलाह दी गई है। इसी प्रकार उल्टी दस्त बीमारियों को रोकने के लिए खाना बनाने और पीने के लिए साफ पानी का ही उपयोग करने के लिए कहा गया है। खाना बनाने के लिए नल, हैण्डपंप, बोर के पानी का उपयोग करने के लिए कहा गया है। गर्मी के मौसम को देखने हुए मटके को ढक्कर एवं डंडी वाले लोटे का उपयोग करने की सलाह दी गई है। खाना बनाने और खाना खाने से पहले अपने हाथों को अच्छी तरह से साबुन से धोने की सलाह दी गई है। खुजली और त्वचा रोग से बचने के लिए शरीर की साथ-सफाई पर विशेष ध्यान देने के लिए कहा गया है।

# कलेक्टर ने किया स्वास्थ्य विभाग के कार्यों की गहन समीक्षा

**दूरस्थ और पहुंचविहीन क्षेत्रों में बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए, ब्रेस्ट कैंसर, सर्विक्स कैंसर एवं हर्निया के बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल में शिविर लगाने के दिए निर्देश, सर्पदंश एवं स्वास्थ्य संबंधी अन्य परेशानियों से मरीज को समय पर अस्पताल पहुंचाने बैगा गुनिया की बैठक आयोजित करने बीएमओ सुनिश्चित करें-कलेक्टर**




छ.ग.फ्रंटलाइन

**जशपुरनगर।** कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की बैठक लेकर स्वास्थ्य विभाग के कार्यों की गहन समीक्षा की। उन्होंने स्वास्थ्य व्यवस्था की जानकारी तथा दूरस्थ और पहुंच विहीन क्षेत्रों में चिकित्सा सुविधा बेहतर करने के निर्देश दिए। बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रंजीत टोप्पो, डीपीएम, बीएमओ सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल ने पूर्व बैठक के पालन प्रतिवेदन समीक्षा की। एवं बीपीएम को स्वास्थ्य केंद्रों का निरीक्षण एवं मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जिले में चिकित्सा सुविधा बेहतर करना प्राथमिकता है निष्क्रिय मितानिन के कार्यों की जांच कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए जिससे स्वास्थ्य कार्य बेहतर हो सके, सक्रिय मितानिन का चयन करने कहा। उन्होंने सर्प दंश एवं स्वास्थ्य संबंधी अन्य परेशानियों से मरीज समय पर अस्पताल तक पहुंच सके इसके लिए समस्त विकासखंड बीएमओ को बैगा गुनिया की बैठक आयोजित कर अस्पताल पहुंचाने एवं अन्य जानकारी देवें जिससे समय पर बेहतर उपचार किया जा सके। कलेक्टर ने हाइड्रोसील, हर्निया, ब्रेस्ट कैंसर, सर्विक्स कैंसर के मरीजों की जानकारी ली एवं बेहतर चिकित्सा उपचार के लिए जिला अस्पताल में हर्निया, ब्रेस्ट कैंसर, सर्विक्स कैंसर उपचार हेतु विशेषज्ञ डॉक्टर को आमंत्रित कर निशुल्क जिला अस्पताल में शिविर लगाने कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए तथा व्यापक प्रचार प्रसार करने कहा। इस दौरान उन्होंने बेहतर चिकित्सा सुविधा मुहैया कराने के लिए एएनएम को टीकाकरण किट बैग प्रदाय किया। उन्होंने सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में मरीजों को प्राथमिकता से स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए एवं कार्य में लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों पर सख्त कार्यवाही करने हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया। कलेक्टर ने सभी पीएचसी भवनों में आवश्यक मरम्मत योग्य कार्यो को पंचायत की सहयोग से पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि केंद्र की साफ-सफाई, लीकेज-सीपेज की मरम्मत, रंग रोगन, बिजली वायरिंग जैसी समस्याओं का स्थानीय स्तर पर सरपंच-सचिवों की मदद से कार्य पूर्ण करने कहा। उन्होंने मेडिकल उपकरणों की उचित रख-रखाव एवं खराब मेडिकल उपकरणों का मरम्मत कर उपयोग में लेने के लिए निर्देशित किया। कलेक्टर ने सभी केंद्रों में स्वास्थ्य कर्मचारी नियमित समय पर उपस्थित होकर स्वास्थ्य सेवा प्रदाय करने कहा। कलेक्टर ने सभी पीएचसी में संस्थागत प्रसव को बढ़ाने एवं शत प्रतिशत प्रसव केंद्रों में कराने के निर्देश दिए। इस हेतु आंगनबाड़ी सहायिका मितानिनों की मदद से एनिमिक एवं हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं का चिन्हांकन कर, उनसे संपर्क बनाए रखने एवं उन्हें पूर्ण स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने की बात कही। कलेक्टर ने आयुष्मान भारत योजना अंतर्गत ओ.पी.डी के एवज में शत प्रतिशत क्लेम पूर्ण कराने के लिए कहा। साथ ही ऑनलाइन एंट्री कार्य भी पूर्ण कराने की बात कही। उन्होंने सभी केंद्रों में नियमित रूप से जीवनदीप समिति की बैठक आयोजित करने के लिए कहा एवं केंद्रों का सतत निगरानी रखने हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया।

# 80 विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा किसानों को मिला बैल जोड़ी

**मंगरा राम और जलसू राम अब अपने खुद के बैल-जोड़ी से करेंगें खेती, पहाड़ी कोरवा किसानों ने मुख्यमंत्री को दिया धन्यवाद**




छ.ग.फ्रंटलाइन

**जशपुरनगर।** जिला प्रशासन के द्वारा जिले के विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवा किसानो को आत्मनिर्भर बनाने के लिए पशु पालन विभाग के माध्यम से 80 परिवारों को एक-एक बैल जोड़ी प्रदान की गई है। ताकि पहाड़ी कोरवा किसान अच्छी खेती- बाड़ी कर सके। इसी कड़ी में मनोरा विकासखण्ड के सरडीह पाठ के किसान मंगरा राम और जलसू राम ने बैल जोड़ी मिलने पर खुशी जाहिर करते हुए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और जिला प्रशासन को धन्यवाद देते हुए कहा कि अब उन्हें खेती-बाड़ी करने में आसानी होगी। जशपुर जिले के पहाड़ी कोरवा किसानों को छत्तीसगढ़ शासन की योजनाओं से लाभांन्वित किया जा रहा है। उनका राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, वन अधिकार पट्टा पहाड़ी कोरवा बच्चों को अच्छी शिक्षा देने के लिए स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम स्कूल में भी प्रवेश दिलाया गया है। बच्चों को विभिन्न खेल के क्षेत्र में भी आगे बढ़ाया जा रहा है। किसानों को अच्छी खेती की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए उनके खेतो में बोर खनन का कार्य करवाया गया है। ताकि पहाड़ी कोरवा किसान अच्छी फसल लेकर अपने परिवार के साथ खुशहाल जीवन व्यतीत कर सके।

# ''विश्व पशु चिकित्सा'' का आयोजन दिवस 29 अप्रैल को

छ.ग. फ्रंटलाइन

**कोरिया।** पशु चिकित्सा सेवायें बैकुण्ठपुर के उप संचालक ने बताया कि 29 अप्रैल 2023 को ''विश्व पशु चिकित्सा'' दिवस का आयोजन किया जा रहा है। उन्होनें बताया कि विश्व पशु चिकित्सा दिवस के अवसर पर जिले के सभी विकासखण्डो में निःशुल्क एन्टी रैबिज टीकारकरण शिविर-रैबिज नियंत्रण, संगोष्ठी एंव जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा।

# जनहानि के 1 मामले में प्रभावित परिजन हेतु 4 लाख की राशि हुई स्वीकृत

**छ.ग.फ्रंटलाइन, जशपुरनगर।** कलेक्टर डॉ. रवि मित्तल ने प्राकृतिक आपदा में जनहानि के 1 मामले में प्रभावित परिजन हेतु आरबीसी 6-4 के तहत 4 लाख की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई हैं। जिसके अंतर्गत पत्थलगांव विकासखण्ड के ग्राम पण्डरीपानी निवासी स्व. सालिक राम पैंकरा की नाला के पानी में डूबने से दिनांक 18 नवम्बर 2022 को मृत्यु हो जाने के कारण मृतक के निकटतम वारिस मृतक की पत्नी मनकुवेंर पैंकरा हेतु 4 लाख रूपए की आर्थिक अनुदान राशि स्वीकृत की गई हैं।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक मनीष पाठक द्वारा स्पीड प्रिंटर्स व ऑफसेट पुराना पोस्ट ऑफिस रोड दर्रीपारा अम्बिकापुर ( छ.ग. ) पिन नं. 497001 से मुद्रित व महलपारा बैकुण्ठपुर से प्रकाशित। संपादक- कमलेश शर्मा